नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 213 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 8 जून 2023

पेज -4 पर गौठान लेन्ध्रा छोटे की रोशनी समूह को सीमेंट पोल से हुई 8 लाख ...

संस्कार, संस्कृति और शिक्षा समाज को सभ्य बनाती है-बरखा पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

बदले गए कई जिलों के कलेक्टर

छत्तीसगढ़ के ऑफिशियल ट्विटर एकाउंट में 23 आईएएस अधिकारियों की ट्रांसफर सूची जारी की गई है

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बड़ा प्रशानिक फेरबदल किया गया है. सरकार ने बुधवार को राज्य में बड़े स्तर पर आधिकारियों के तबादले किए. सीएमओ छत्तीसगढ़ के ऑफिशियल ट्वीटर अकाउंट में 23 आईएएस अधिकारियों की ट्रांसफर सूची जारी की गई है. इसके अलावा भी राज्य प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले हुए है। इनमें परदेशी सिद्धार्थ कोमल, भा.प्र.से. (2003), सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, लोक निर्माण विभाग सचिव, विमानन विभाग सचिव खनिज साधन विभाग तथा सचिव, जनसंपर्क विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त केवल सचिव, खनिज साधन विभाग एवं सचिव, लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करते हुए सचिव, उच्च शिक्षा विभाग एवं सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार ,परदेशी सिद्धार्थ कोमल, भा.प्र.से. (2003) द्वारा सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से प्रसन्ना आर. भा.प्र.से. (2004). सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। शेष प्रभार यथावत रहेगा।डॉ. संजय कुमार अलंग भा.प्र.से. (2004), आयुक्त, बिलासपुर संभाग बिलासपुर तथा अतिरिक्त प्रभार आयुक्त, सरगुजा संभाग, अंबिकापुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त आयुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर के पद पर पदस्थ।भुवनेश यादव, भा.प्र.से. (2006) सचिव, उच्च शिक्षा विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार महिला एवं बाल विकास विभाग, सचिव, समाज कल्याण विभाग एवं आयुक्त, नि:शक्तजन तथा सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, लोक निर्माण विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव, समाज कल्याण विभाग एवं आयुक्त, नि:शक्तजन तथा सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग अतिरिक्त प्रभार। यशवंत कुमार, भा.प्र.से. (2007). आयुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, वाणिज्यिक कर (पंजीयन विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य बेवरेजेस कार्पोरेशन का अतिरिक्त प्रभार ।

सवा करोड़ का गांजा जब्त

मादक पदार्थ के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

महासमुंद। छत्तीसगढ़ की महासमुंद पुलिस ने सवा करोड़ का गांजा पकड़ा हैं। जी हाँ एक करोड़ 25 लाख रुपये के 5 क्विंटल गांजा के साथ 2 अंतरराज्यीय तस्करों को महासमुंद की सिंघोड़ा पुलिस ने धर दबोचा है. पकड़े गये दोनो तस्कर में से एक दिल्ली और एक यूपी का रहने वाले हैं. आरोपी गांजे को ओडिशा से लेकर रायपुर जा रहे थे। दरअसल, मुखबिर की सूचना पर इस पूरी कार्रवाई में पुलिस को सफलता मिली है. सूचना पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करते वक्त सिंघोड़ा पुलिस ने नेशनल हाईवे 53 पर ग्राम रेहटी खोल के पास पुलिस ने दोनों तस्करों को पकड़ा. आयशर ट्रक में भूसे के नीचे गांजा पकड़े गये दोनो तस्करों के नाम सुधीर कुमार यादव और रामकुमार शाहशंकर बताया जा रहा है।

समाचार शीर्ष

प्रदेश के 9 जिलों में हीट वेव की चेतावनी

मौसम विभाग ने 24 घंटों के लिए जारी किया येलो अलर्ट

रायपुर। छत्तीसगढ़ में हवाएं अब और ज्यादा गर्म हो गई हैं। प्रदेश में इस वक्त भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटों के लिए प्रदेश के 9 जिलों में हिट वेव का अलर्ट जारी कर दिया है। राजधानी रायपुर, बलौदा बाजार, कांकेर, राजनांदगांव, जांजगीर चांपा, रायगढ़, महासमुंद, दुर्ग और बेमेतरा में येलो अलर्ट जारी किया गया। लगातर बढ़ते तापमान को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। सुबह से ही सूरज की तपिश लोगों को झुलसा रही है। दोपहर बाद धूप में निकलना मुश्किल हो रहा था। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले तीन से चार दिन गर्मी और बढ़ेगी। इसके बाद ही मौसम में कुछ बदलाव हो सकता है। प्रदेश में रायगढ़ का तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह महासमुंद जिले में भी सूरज आग बरसा रहा है। यहां का तापमान 45.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

पटवारियों की हड़ताल पर राज्य सरकार ने लगाया एस्मा

मुख्यमंत्री की नाराजगी पर विभाग का एक्शन

रायपुर। पटवारियों की हड़ताल पर मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद अब एक्शन शुरू हो गया है। राज्य सरकार ने पटवारियों की हड़ताल पर एस्मा लागू कर दिया है। इस संदर्भ में गृह विभाग ने आदेश जार कर दिया है। आपको बता दें कि 15 मई से पटवारियों की हड़ताल चल रही है। हड़ताल की वजह से राजस्व का काम बुरी तरह से प्रभावित तो हो ही रहा है, भर्तियों के संदर्भ में बनने वाले प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। पटवारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाने के कारण शिक्षा सत्र चालू होने से एवं रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रियाधीन होने से विद्यार्थियों को जाति, निवास आय प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। ऐसे में राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम, 1979 एक 10 1979) धारा 4 की उप-धारा (1) एवं (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा अनुसूची के खंड (सात) विभागाध्यक्षा तथा उनके अधीनस्थ कार्यालयों की सेवाओं मे विनिर्दिष्ट विभाग के पटवारियों द्वारा कार्य करने से इंकार किये जाने का प्रतिषेध करती है. जो आदेश जारी होने के दिनांक आगामी 03 माह के लिए प्रभावी होगा। आपको बता दें कि कल ही मुख्यमंत्री ने हड़ताल पर नाराजगी जतायी थी। उसी वक्त ये साफ हो गया था कि आज से कार्रवाई शुरू हो सकती है।

चुनाव का समय है, ईडी वालों ने तो अपने बच्चों का यहां के स्कूलों में एडमिशन दिला दिया है

लोकसभा चुनाव तक तो परीक्षा भी हो जाएगी-भूपेश बघेल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ED और IT की कार्रवाई को लेकर तंज कसा है. आईटी की कार्रवाई को लेकर CM भूपेश बघेल ने कहा कि चुनाव का समय है. ईडी वालों ने तो अपने बच्चों को यहां प्रवेश दिलवा दिया. लोक सभा चुनाव तक तो परीक्षा भी हो जाएगी। CM ने कहा कि ईडी वाले अपना ठिकाना छत्तीसगढ़ में ढूंढ लिए हैं. अब इनकम टैक्स वाले भी अपना ठिकाना ढूंढ लें. विधानसभा चुनाव है उसके बाद लोकसभा चुनाव भी नज़दीक आ गया है. मैं तो पहले बोला था, यहां ED के अधिकारी परमानेंट रहने लग गए हैं. उनके बच्चों का भी एडमिशन यहां के स्कूलों में हो गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि फ़रवरी मार्च तक जब तक लोकसभा ना हो जाए, तब तक बच्चों का भी परीक्षा हो जाएगा. अब इनकम टैक्स वाले भी अपना ठीहा वग़ैरह देख लें, किराये का मकान देख लें.

मन्नू नत्थानी पुलिस हिरासत में पूछताछ जारी

मन्नू के खिलाफ कई मामिले दर्ज, ऑनलाइन सट्टा कारोबार से कनेक्शन की आशंका

रायपुर। राजधानी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एमसीएक्स कारोबारी मन्नू नत्थानी को पुलिस हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन सट्टा से जुड़े व्यापार में लिप्त होनें की आशंका को लेकर मन्नू नत्थानी को उनके निवास अशोका रतन से गिरफ्तार किया है। फिलहाल साइबर सेल व पुलिस पूछताछ कर रही है। जल्द इस मामले में बड़ा खुलासा हो सकता है। बताया जा रहा है कि मन्नू पर अपहरण, जान से मारने की धमकी और 70 लाख की प्रॉपर्टी के दस्तावेजों पर हस्ताक्षकर करवाने के आरोप हैं। इन मामलों में पुलिस पहले भी कार्रवाई कर चुकी है। किडनैपिंग और अवैध वसूली में फंसे एमसीएक्स कारोबारी मन्नू नत्थानी के अशोका रतन घर पर पुलिस ने पहले भी दबिश दी थी। बताया जा रहा है कि उस समय एमसीएक्स कारोबार से जुड़े रजिस्टर और दस्तावेज जब्त किए थे। रजिस्टर में एमसीएक्स के लेन-देन का रिकार्ड भी बरामद किय गया था।

नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहनों को फूंका : इलाके में दहशत का माहौल

पखांजूर। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में नक्सलियों ने फिर एक बार अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। दरअसल, नक्सलियों ने कांकेर जिले के पखांजूर में सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहनों को आग को हवाले कर दिया। घटना पखांजूर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री सड़क निर्माण योजना के तहत राजामुंडा से कोपेनगुंडा तक सड़क निर्माण करवाया जा रहा है। यहां काम पर लगे दो ट्रैक्टर, एक जेसीबी रोलर और दो ट्रक सहित कुल 6 गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं अब तक पुलिस बल भी घटनास्थल पर नहीं पहुंची है।

भ्रष्टाचारियों की टोली बनाकर भ्रष्टाचार की अपनी परंपरा और संस्कृति को बढ़ाया आगे-नितिन नबीन

रायपुर। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य सरकार का खेल चल रहा है. भ्रष्टाचारियों की टोली बनाकर भ्रष्टाचार की बनाई हुई अपनी परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाया है. कांग्रेस ने कमीशनखोरी को बढ़ावा दिया. 36 वादों के साथ सरकार ने जनता के पीठ पर चाकू घोपने का काम किया है। नितिन नबीन ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि शैलजा जी आती हैं, तब आप उनको राजभवन के गेट पर छोड़ देते हैं, तब मजा आता है. हम प्रभारी हैं, हम क्यों नहीं आएंगे और लेखा-जोखा हमारे केंद्र के नेता क्यों नहीं देंगे. आपके पास कोई केंद्रीय नेता है ही नहीं तो कहां से आएंगे. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास राहुल बाबा बचे हुए हैं, जो देश में कुछ बोलते हैं और विदेश में कुछ बोलते हैं. जिसके पास सिद्धांतविहीन नेतृत्व हो, जो भ्रष्टाचार में डूबे हो, उनके पास सोनिया, राहुल, प्रियंकाज इसके अतिरिक्त कौन रहेगा?

ब्रांड के नाम पर डुप्लीकेट कपडे बेच रहा था दूकानदार, पुलिस ने मारा छापा

रायपुर। राजधानी रायपुर में देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र के सिटी सेंटर माल के सामने नाइक, लिवाइस, अंडर आर्मर कंपनी के डुप्लीकेट कपड़े बेचने वाले कारोबारी हरेश आहुजा पर कार्रवाई की गई। कपड़ा कारोबारी पर कापीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। कारोबारी के खिलाफ थाने में शिकायत यूनाइटेड ओवरसीज ट्रेडमार्क कंपनी के इंफोर्समेंट आफिसर शोभा केवट ने दर्ज की थी। पुलिस ने शिकायत मिलने पर कारोबारी हरेश की दुकान पर दबिश दी और बड़ी मात्रा में डुप्लीकेट कपड़े जब्त किए गए। नाइक कंपनी के 584 लोवर, नाइक जार्डन कंपनी के 406 लोवर, लिवाइस कंपनी के 96 जींस और 300 लोवर, लिवाइस कंपनी के 300 लोवर सहित अन्य सामान जब्त किया गया।

रायपुर में लाखों की सट्टा-पट्टी के साथ तीन सटोरिए गिरफ्तार

रायपुर। जिले में सट्टा एवं जुआ पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को कार्य योजना तैयार कर इस पर अधिक से अधिक कार्यवाही करते हुए प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है।

जिसके तारतम्य में आज भी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध अभिषेक माहेश्वरी के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा सटोरियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर सटोरियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए सट्टा संचालन करने वाले कुल 03 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 5,290/- रूपये तथा सट्टा-पट्टी जप्त किया जाकर सटोरियों के विरूद्ध संबंधित थानों में कार्यवाही की गई। सटोरियों के विरूद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

दो बच्चे व एक महिला सहित तीन लोगों की मौत

मुंगेली। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के लोरमी में मनियारी नदी में नहाने गए 2 बच्चों और एक महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई है। घटना लोरमी के रबेली गांव की है। फिलहाल तीनों शवों को नदी से बाहर निकाल लिया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। मामला लोरमी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, रबेली गांव में प्रेमचंद कश्यप और ताराचंद कश्यप इन दो भाईयों का परिवार रहता है।

तिल्दा इलाके में बेटे ने किया बाप का मर्डर, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी में एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी मामलें में तिल्दा नेवरा पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया है कि प्रार्थी भगवती निषाद ने थाना तिल्दा नेवरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम रजिया तिल्दा नेवरा में रहता है तथा खेती किसानी का काम करता है। 5 जून की रात करीबन 01.30 बजे प्रार्थी के साले चोवाराम निषाद के पुत्र नीरज निषाद ने प्रार्थी को फोन कर बताया कि उसने अपने पिता के साथ मारपीट किया है, जो घर पर जख्मी हालत में पड़ा है जाकर देख लेना, सूचना पर प्रार्थी द्वारा अपने साले चोवाराम निषाद के घर जाकर देखा तो पाया कि वह लहु लुहान हालत में कमरा अंदर जमीन पर पडा था। जिसे उपचार हेतु तिल्दा नेवरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

चुनावी बैठक.. विधानसभा चुनाव पर बात करने पहुंची भारत निर्वाचन आयोग की टीम, मिलेगी गाइडलाइन

सभी कलेक्टर और एसपी 2 दिन रायपुर में

रायपुर। विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की बड़ी टीम राजधानी रायपुर पहुंच रही है। यहां आयोग की टीम सभी कलेक्टर और एसपी के साथ बैठक करेगी। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर ये बैठक रखी गई है।

जानकारी के मुताबिक आयोग के वरिष्ठ अधिकारी 8 और 9 जून को दो दिवसीय प्रवास में रायपुर आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ आने वाले निर्वाचन आयोग की टीम में वरिष्ठ डीईसी धर्मेंद्र शर्मा और नितेश व्यास के अलावा डीईसी हिरदेश कुमार, अजय भादू,आरके गुप्ता,एमके साहू, एनएन बुटोलिया शामिल हैं। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, छत्तीसगढ़ रीना बाबा साहेब कंगाले ने सभी एसपी और कलेक्टर को पत्र जारी कर उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही है। साथ ही ये भी कहा गया है कि बैठक में कलेक्टर और एसपी की जगह कोई दूसरा प्रतिनिधि मान्य नहीं होगा।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

देश में छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में चुनाव होने हैं अक्टूबर या नवंबर महीने में चुनाव का ऐलान किया जा सकता है। लिहाजा आयोग चुनाव की तैयारियों में जुटा हुआ है। 10 जून से 27 जून के बीच में लगभग 127444 मशीनों का सीयू,बीयू और वीवीपैट मशीन की फर्स्ट लेवल चेकिंग होगी। इसका शेड्यूल में सभी 33 जिलों के लिए जारी किया गया है। मशीनों की चेकिंग के लिए हैदराबाद से 266 इंजीनियर बुलाए गए हैं, जिनके सहयोग से इनकी प्राथमिक जांच कराई जाएगी और ईवीएम को चुनाव के लिए तैयार किया जाएगा। इसमें सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अथोराइज्ड प्रतिनिधियों के सामने प्राथमिक जांच की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी

10 जून से ये प्रक्रिया शुरू होगी और एक टीम में लगभग 10 से 12 इंजीनियर शामिल रहेंगे । वे हर जिले में 6 से 7 दिन रह कर इस प्रक्रिया को पूरा करेंगे । जब फर्स्ट लेवल चेकिंग की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी तब ईवीएम को स्ट्रांग रूप में शिफ्ट कर दिया जाएगा। जहां इसे पूरी सुरक्षा के साथ रखा जाएगा और पूरी प्रक्रिया का वेबकास्टिंग की जाएगा। सीसीटीवी में सारी रिकॉर्डिंग होगी,जिसकी लाइव फीड सुबह 9 बजे से लेकर शाम को 7 बजे तक रोजाना 10 जून से लेकर 27 जून तक इलेक्शन कमीशन दिल्ली में सीधे ट्रांसफर किया जाएगा और बीओ और सीओ को भी यह लाइव फीड ट्रांसफर होगा ।

छत्तीसगढ़ में आईटी का छापा

रायपुर और रायगढ़ में कारोबारी अजय सिंघल के घर में रेड

रायपुर/ रायगढ़। छत्तीसगढ़ के कुछ शहरों में आज सुबह से कारोबारियों के ठिकानों पर इनकम टैक्स की छापेमार कार्रवाई जारी है। रायपुर, रायगढ़ में स्टील कारोबारी दोनों भाई अजय सिंघल और संजय सिंघल के घर इनकम टैक्स की टीम पहुंची है। इनके ऑफिस और घर में छापे की खबर मिल रही है।

बुधवार तड़के इनकम टैक्स की कई टीम इनके ऑफिस शंकर नगर में और घर खमारडीह पहुंची है। इसके साथ ही राइस मिल के कारोबार से जुड़े लोगों के यहां भी इनकम टैक्स की टीम पहुंची है। रायपुर में आज इनकम टैक्स की रेड हुई है। इससे पहले भी प्रदेश में लगातार आईटी और ईडी की कार्रवाई होती रही है। चुनाव नजदीक आ रहा है। और मैंने पहले हीबोला था कि ईडी के अधिकारी यहां परमानेंट आने लगे हैं। यहां तक कि अपने बच्चों का एडमिशन भी स्कूलों में करा दिए हैं। जब तक लोकसभा नहीं हो जाता ये लोग यहीं रहेंगे। अब आईटी वाले भी आ रहे हैं।

बच्चों में आखिर क्यों बढ़ रही है स्कूल को बीच में ही छोड़ने की प्रवृत्ति ?

सरकारी योजनाओं एवं नीतिगत स्तर पर शिक्षा को उच्च प्राथमिकता मिलती दिखती है, बावजूद इसके, स्कूली शिक्षा के दौरान बीच में पढ़ाई छोड़ने की प्रवृत्ति नीतिगत स्तर पर नाकामी या फिर उदासीनता का ही सूचक है। भारत में स्कूली शिक्षा में छात्र-छात्रों के ड्रॉपआउट्स की संख्या बढ़ना न केवल शिक्षा-व्यवस्था पर बल्कि स्कूल-प्रबंधकों पर एक बड़ा सवाल बनता जा रहा है।

स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या आठ करोड़ से भी ज्यादा है, जो यह बताने के पर्याप्त है कि स्थिति काफी गंभीर है। अब एक बार फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से सन् 2022 की बोर्ड परीक्षाओं के विश्लेषण में बताया गया है कि दसवीं और बारहवीं के स्तर पर देश में लाखों बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं।

विश्लेषण के मुताबिक, पिछले साल पैंतीस लाख विद्यार्थी दसवीं के बाद ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने नहीं गए। इनमें से साढ़े सत्ताइस लाख सफल नहीं हुए और साढ़े सात लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। इसी तरह, पिछले साल बारहवीं के बाद 2.34 लाख विद्यार्थियों ने बीच में पढ़ाई छोड़ दी। इनमें से सतहत्तर फीसद ग्यारह राज्यों से थे। यानी करीब अट्ठावन लाख विद्यार्थी दसवीं और बारहवीं में पढ़ाई छोड़ देते हैं तो यह किसी भी सरकार के लिए बेहद चिंता की बात होनी चाहिए और यह समग्र शिक्षा व्यवस्था से लेकर सरकारी कल्याण कार्यक्रमों के जमीनी स्तर पर अमल पर सवालिया निशान है। किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था की कामयाबी इसमें है कि शुरुआती से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा हासिल करने के मामले में एक निरंतरता हो। अगर किसी वजह से आगे की पढ़ाई करने में किसी विद्यार्थी के सामने अड़चनें आ रही हो तो उसे दूर करने के उपाय किये जाएं। लेकिन बीते कई दशकों से यह सवाल लगातार बना हुआ है कि एक बड़ी तादाद में विद्यार्थी स्कूल-कॉलेजों में बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं और उनकी आगे की पढ़ाई को पूरा कराने के लिए सरकार की ओर से ठोस उपाय नहीं किए जाते। इस मसले पर सरकार से लेकर शिक्षा पर काम करने वाले संगठनों की अध्ययन रपटों में अनेक बार इस चिंता को

रेखांकित किया गया है, लेकिन अब तक इसका कोई सार्थक हल सामने नहीं आ सका है।

तमाम सरकारी प्रयासों एवं योजनाओं के शिक्षा महंगी होती जा रही है, निजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना बहुत मुश्किल होता है, कोई परिवार हिम्मत करके निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाते भी है जो आर्थिक मजबूरी के कारण उन्हें बीच में बच्चों को स्कूल से निकाल लेने को विवश होता पड़ता है। हम और आप अपनी असल ज़िंदगी में रोज़ाना ऐसे बच्चों से मिलते होंगे जो स्कूल से बाहर होटलों में काम करते हुए, जानवरों को चराते हुए या फिर परिवार के साथ शहरों में काम करते हुए दिखाई देते हैं। वहीं बहुत से बच्चे गाँव और गली मोहल्लों में दिन भर घूमते रहते हैं, या फिर परिवार के साथ खेतों पर काम करने जाते हैं, या फिर बाज़ार में सब्जी बेचने या फिर जंगल में लकड़ियां काटने के लिए जाते हैं। छात्रों के फेल होने, शरारत या फीस जमा नहीं होने पर कार्रवाई के चलते बच्चों को स्कूल छोड़ने पर भी विवश होना पड़ता है। विशेषत: आदिवासी, दलित एवं अन्य पिछड़ी जाति के बच्चों को स्कूली शिक्षा बीच में छोड़ने की स्थितियां बढ़ती जा रही हैं, जो आजादी के अमृतकाल में चिन्ता का एक बड़ा कारण है।

सरकार की बड़ी-बड़ी योजनाओं के बीच छात्रों के स्कूल छोड़ने की स्थितियों को गंभीरता से लेना होगा। शिक्षा को पेचीदा बनाने की बजाय सहज एवं रोचक बनाना होगा। ताकि कुछ बच्चों को स्कूल बोरिंग न लगे, 9वीं और 10वीं कक्षा तक आते-आते कई बच्चों को स्कूल बोरिंग लगने लगता है। इस कारण वे स्कूल देरी से जाना चाहते हैं, क्लास बंक कर देते हैं और लंच ब्रेक में बैठे रहते हैं। पढ़ाई और स्कूल से लगाव ना होने की वजह से अक्सर बच्चे स्कूल छोड़ देते हैं। किसी भी वजह से बच्चे का स्कूल या पढ़ाई छोड़ने का मन करना, अभिभावकों के लिए एक बड़ी परेशानी है, लेकिन यह शिक्षा की एक बड़ी कमी की ओर भी इशारा भी करता है। बच्चों को स्कूल भेजे जाने का उद्देश्य शिक्षा ग्रहण कर एक अच्छा नागरिक बनना तो है ही, शिक्षा जीविकोपार्जन में भी प्रमुख भूमिका निभाती है। लेकिन मौजूदा समय में ज्यादातर स्कूल प्रबंधन इसे एक व्यवसाय के रूप में देखने लगे हैं, सरकारें भी शिक्षा की जिम्मेदारी से भाग रही हैं, भारत में शिक्षा का अधिकार कानून लागू होने के बाद ज़मीनी स्तर पर बहुत सारी चीज़ें बदली हैं। मसलन स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढ़ा है। हर साल आठवीं पास करने वाले बच्चों की संख्या के आँकड़े तेज़ी से बढ़े हैं। पर इसके साथ ही शिक्षा में गुणवत्ता और स्कूल में बच्चों के ठहराव का सवाल ज्यों का त्यों कायम है। स्कूल आने के बावजूद घरेलू आर्थिक मजबूरियों के कारण काम करने को मजबूर 78 लाख बच्चों की मौजूदगी भारत में प्राथमिक शिक्षा की बदहाली की कहानी दोहराती है।

सरकारी योजनाओं एवं नीतिगत स्तर पर शिक्षा को उच्च प्राथमिकता मिलती दिखती है, बावजूद इसके, स्कूली शिक्षा के दौरान बीच में पढ़ाई छोड़ने की प्रवृत्ति नीतिगत स्तर पर नाकामी या फिर उदासीनता का ही सूचक है। यह समझना मुश्किल है कि इतने लंबे वक्त से यह चिंता कायम है फिर क्यों नहीं इस मसले पर किसी हल तक पहुंचना एक ऐसा सवाल है जिस पर व्यापक चिन्तन-मंथन जरूरी है।

यह जगजाहिर है कि एक ओर स्कूल-कालेज में शिक्षा पद्धति में तय मानक बहुत सारे विद्यार्थियों के लिए सहजता से ग्राह्य नहीं होते, वहीं पढ़ाई में निरंतरता नहीं रहने के पीछे सामाजिक और आर्थिक कारक भी एक बड़ी भूमिका निभाते हैं।

ललित गर्ग

संपादकीय

नीतिगत अस्थिरता ठीक नहीं

अब सौर पैनलों पर टैक्स घटा, तो चीन से ही आयात बढ़ेगा। इससे भारत के बारे में क्या धारणा बनेगी? इसीलिए अपेक्षित यह है कि कोई कदम सभी पहलुओं पर पूरे विचार-विमर्श के बाद ही उठाया जाए। एक खबर के मुताबिक भारत सरकार अब चीन से सौर पैनलों के आयात पर टैक्स घटाने पर विचार कर रही है। जबकि इसके पहले भारत ने चीन से आयात कम करने के लिए सौर पैनलों पर 40 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया था। सवाल है कि जब यह फैसला लिया गया, उसके बाद स्थिति में ऐसा क्या बदलाव आ गया है? एक विदेशी एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत सरकार अब शुल्क को 40 से 20 प्रतिशत पर लाने और साथ ही जीएसटी को 12 से पांच प्रतिशत पर लाने का विचार कर रही है। दरअसल सरकार ने अप्रैल 2022 में सौर पैनलों के आयात पर 40 प्रतिशत टैक्स और सौर सेलों के आयात पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाया था। तब बताया गया था कि इस कदम का उद्देश्य चीन से आयात पर लगाम लगाना है, ताकि देश के अंदर इनके उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। लेकिन खबरें है कि असल में ऐसा नहीं हुआ । भारतीय निर्माता इन पैनलों और सेलों की मांग को पूरा करने लायक उत्पादन कर नहीं पाए। जबकि ऊंचे शुल्क की वजह से इन उत्पादों की देश में कमी हो गई और सौर परियोजनाओं का काम धीमा पड़ गया। इसकी वजह से भारत सौर ऊर्जा उत्पादन के अपने लक्ष्यों को भी हासिल नहीं कर पाया। 2022 में 100 गीगावाट सौर ऊर्जा इंस्टॉल करने का लक्ष्य था, लेकिन कुछ रिपोर्टों के मुताबिक हासिल सिर्फ 63 मेगावाट हो पाया।

अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर, विपरीत परिस्थितियों में उम्मीद जगाते हैं जीडीपी के आंकड़े

वित्त वर्ष 2023 में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। विकास की तमाम उम्मीदों को छोड़ते हुए जनवरी से मार्च, 2023 की तिमाही में भारतीय जीडीपी 6.1 फीसदी की दर से बढ़ी। इसने संपूर्ण वित्त वर्ष 2023 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की समग्र वृद्धि को 7.2 फीसदी के स्तर पर पहुंचा दिया।

अन्य शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में भारत के बाद इंडोनेशिया का स्थान है, जिसने पिछले वर्ष 5.3 फीसदी की दर से विकास किया। सरकारी व निजी पूंजीगत खर्च में बढ़ोतरी, कृषि एवं सेवा क्षेत्र में बेहतर विकास के कारण भारत की जीडीपी उम्मीद से ज्यादा रही, जबकि निजी खपत की दर सुस्त रही। विभिन्न क्षेत्रों के प्रदर्शन को देखें, तो विनिर्माण क्षेत्र में सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि मार्च तिमाही में बढ़कर 4.5 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले यह 0.6 प्रतिशत थी। खनन क्षेत्र में चौथी तिमाही में जीवीए वृद्धि पिछले वर्ष के 2.3 प्रतिशत की तुलना में 4.3 प्रतिशत थी। निर्माण क्षेत्र मार्च तिमाही में 10.4 प्रतिशत बढ़ा, जो 2021-22 की इसी अवधि में 4.9 प्रतिशत था। कृषि क्षेत्र की वृद्धि पिछले वर्ष के 4.1 प्रतिशत से बढ़कर 5.5 प्रतिशत हो गई। व्यापार संतुलन में भी सुधार हुआ है,

जीडीपी के आंकड़े विपरीत वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारत के लिए उम्मीद बढ़ाते हैं। पर वैश्विक मंदी के जोखिमों को लेकर चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024 के लिए देश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है और संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान देने की जरूरत बताई है।

क्योंकि निर्यात की तुलना में आयात में अधिक गिरावट आई। इसने जीडीपी के आंकड़े को बढ़ावा दिया। उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में गिरावट ने भी विकास दर को ऊपर उठाने में मदद की। जीडीपी के आंकड़े विपरीत वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारत के लिए उम्मीद बढ़ाते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि अर्थव्यवस्था के सामने जोखिम नहीं है। विशेष रूप से मानसून के रुख और वैश्विक मंदी के जोखिमों को लेकर चुनौतियां पैदा हो सकती हैं, लेकिन इस शानदार प्रदर्शन ने वित्त वर्ष 2024 में आर्थिक गतिविधियों के विकास की गति को छह फीसदी से अधिक होने की उम्मीद बढ़ा दी है। भारत के प्रमुख आर्थिक सलाहकार का मानना है कि चालू वित्त वर्ष 2024 में अर्थव्यवस्था में ठोस प्रदर्शन देखने को मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण मांग में सुधार के संकेत हैं, और शहरी मांग कायम है और यात्री वाहनों की बिक्री बढ़ रही है। बढ़ती ग्रामीण मजदूरी, रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, और कम खाद्य मुद्रास्फीति की उम्मीद ग्रामीण मांग दृष्टिकोण के लिए अच्छा संकेत है। हालांकि, मानसून के मौसम में अल नीनो की स्थिति कृषि उत्पादन और ग्रामीण आय के लिए एक प्रमुख जोखिम है। मानसून में देरी हुई है, पर अब भी मौसम विभाग सामान्य मानसून की भविष्यवाणी कर रहा है। मानसून संबंधी किसी भी जोखिम या भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को छोड़कर, भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के प्रारंभिक अनुमान को पार कर सकती है। अल नीनो द्वारा मॉनसून की बारिश को प्रभावित करने पर इसमें 0.5 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। उम्मीद है कि जीडीपी के शानदार आंकड़े को देखते हुए रिजर्व बैंक इस साल की दूसरी छमाही में संभावित वैश्विक मंदी के जोखिमों के बावजूद अपने नीतिगत रुख पर कायम रहेगा। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में प्रमुख संकेतकों पर पकड़ बरकरार है, जिसमें जीएसटी संग्रहण, पीएमआई (विनिर्माण से ज्यादा सेवा क्षेत्र में वृद्धि), उद्योग ऋण में वृद्धि, स्टील एवं सीमेंट का उत्पादन और व्यापार घाटे में कमी, आदि शामिल हैं।

अजय बग्गा

मिला जुला

खेलमंत्री अनुराग ठाकुर से मिल रहे पहलवान, सरकार के सामने रखी हैं ये पांच मांगें

नई दिल्ली. पहलवान बजरंग पूनिया खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से उनके घर मुलाकात कर रहे हैं, उनके साथ इस बैठक में साक्षी मलिक भी मौजूद हैं. बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे इन पहलवानों ने सरकार के पांच मांगें रखी हैं.

पहलवानों की मांग

इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने पहलवानों के प्रदर्शन को लेकर बजरंग पुनिया से फोन पर बात की थी. बजरंग पूनिया के इंटरव्यू के बाद ये फोन किया गया था. खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी पहलवानों को

बातचीत के लिए न्योता भेजा था. हालांकि खिलाड़ियों का कहना था कि हम छुपकर कोई बैठक नहीं करेंगे.

यही वजह रही कि खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने ट्वीट कर खिलाड़ियों को बातचीत का न्योता दिया. इसके बाद पहलवान खेल मंत्री से बातचीत के लिए तैयार हो गए. वहीं अनुराग ठाकुर के बातचीत के प्रस्ताव पर पहलवान साक्षी मलिक ने कहा था कि हम सरकार द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर अपने वरिष्ठों और समर्थकों के साथ चर्चा करेंगे. जब सभी अपनी सहमति देंगे कि प्रस्ताव ठीक है, तभी हम मानेंगे. ऐसा नहीं होगा कि हम सरकार की किसी भी बात को मान लें और अपना धरना समाप्त कर दें. बैठक के लिए अभी तक कोई समय तय नहीं किया गया है.

'गिर गया तो गिर गया...', बिहार में पुल गिरने पर बोले सपा के सीनियर नेता रामगोपाल यादव

फिरोजाबाद. बिहार के भागलपुर में बीते रविवार को गंगा नदी पर 1700 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा पुल गिर गया. इस पुल का उद्घाटन सीएम नीतीश ने नवंबर 2014 में किया था, लेकिन नौ साल बीत जाने पर भी निर्माणकार्य पूरा नहीं हो सका. इस मामले में एक ओर बीजेपी ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नीतीश सरकार को घेरा तो वहीं सपा को नीतीश का साथ मिला है.

समाजवादी पार्टी के सीनियर नेता और राज्यसभा सांसद

रामगोपाल यादव ने कहा कि ये पुल तो पहले ही डिस्मेंटल होने वाला था. अब गिर गया तो गिर गया. वैसे भी इस देश में राजनीति तो हर चीज पर हो रही है और हर आदमी कर रहा है.

बीजेपी ने मांगा नीतीश-तेजस्वी का इस्तीफा

पुल गिरने के बाद बिहार की सियासत गरमा गई. बीजेपी ने इस मामले में महागठबंधन सरकार पर भ्रष्टचार का आरोप लगाते हुए नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का इस्तीफा मांगा है. केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने राज्य सराकर पर निशाना साधते हुए कहा कि पुल गिरने की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए चाचा-भतीजा (नीतीश-तेजस्वी) को इस्तीफा दे देना चाहिए.

नीतीश बोले- ठीक से नहीं बन रहा था पुल

नीतीश कुमार ने कहा, कुछ समय पहले भी ऐसा हुआ था. हमने पूछा था कि ऐसा क्यों हुआ है. हमने इसे बहुत पहले बनाना तय किया था. 2012 में इसे बनाने का फैसला किया गया. 2014 में इसे बनाना शुरू किया गया. जिसको भी दिया गया (ठेका), वह इतना देर में क्यों बना रहा है. पहले गिर गया था, 1 साल पहले तब भी हमने कहा था. कल ये फिर गिर गया. हमने विभाग के लोगों को कहा कि देखिए और एक्शन लीजिए.

अमेरिका की यूनिवर्सिटी में शूटिंग, 2 की मौत

वर्जीनिया. अमेरिका के वर्जीनिया की यूनिवर्सिटी में मंगलवार शाम हाईस्कूल ग्रेजुएशन सेरेमनी के दौरान गोलीबारी हुई। इसमें 2 लोगों की मौत हो गई, वहीं 5 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। इनमें से एक की उम्र 19 साल बताई गई है। घटना शाम करीब 5:15 बजे वर्जीनिया के रिचमंड इलाके के मनरो पार्क में हुई। गोलीबारी के कुछ देर पहले ही पार्क के सामने अल्ट्रिया थिएटर में हाई स्कूल ग्रेजुएशन सेरेमनी शुरू हुई थी। यह पार्क वर्जीनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी के कैंपस में है। शूटिंग में मारे गए लोग सेरेमनी में शामिल होने आए थे। इनमें एक 18 साल का युवक और एक 35 साल का आदमी शामिल है। रिचमंड पब्लिक स्कूल्स के अधिकारी मैथ्यू स्टेनली ने कहा कि शाम को 2 और स्कूल की ग्रेजुएशन सेरेमनी होनी थी, लेकिन उन्हें कैंसिल कर दिया गया। दरअसल, मंगलवार को अल्ट्रिया थिएटर में तीन स्कूलों की ग्रेजुएशन सेरेमनी शेडयूल थी। वर्जीनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी ने शाम 5:15 बजे अलर्ट भेजा था, जिसमें मनरो पार्क की घटना के बारे में बताया गया।

इंतजार खत्म, बस आ ही गया मॉनसून; भीषण गर्मी से मिलेगी राहत

उत्तर भारत समेत देश के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। लोग बेसब्री से मॉनसून का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए मौसम विभाग खुशखबरी लेकर आया है। IMD ने बताया है कि अगले 48 घंटों में केरल में मॉनसून पहुंच जाएगा। यानी कि झमाझम बारिश शुरू हो जाएगी। इसके बाद धीरे-धीरे मॉनसून दक्षिण से उत्तर भारत व अन्य हिस्सों की ओर बढ़ेगा।

हालांकि, अब भी कई राज्यों में भीषण गर्मी का कहर है। बिहार-झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में अगले चार से पांच दिनों तक हीटवेव की स्थिति बरकरार रहेगी। वहीं, चक्रवाती तूफान बिपोरजॉय तेजी से गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है। इससे केरल में मानसून की धीमी शुरुआत होने और उसके दक्षिणी प्रायद्वीप के आगे कमजोर प्रगति करने का पूर्वानुमान है।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले पांच दिनों के दौरान केरल, लक्षद्वीप, तटीय और दक्षिण इंटीरियर कर्नाटक, नॉर्थ इंटीरियर कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश होगी। सात से नौ जून के बीच अंडमान और निकोबार द्वीप, केरल में सात से 11 जून, तमिलनाडु में सात जून, लक्षद्वीप में 9 से 11 जून, कर्नाटक में 10 और 11 जून को भारी बरसात होने जा रही है।

नॉर्थईस्ट इंडिया की बात करें तो यहां भी अगले पांच दिनों तक बारिश होने जा रही है। मणिपुर, मिजोरम में 7-9 जून, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में 10 व 11 जून को हल्की से मध्यम बारिश होगी।

बीते दिन के मौसम की बात करें तो विदर्भ, छत्तीसगढ़, पूर्वी भारत, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री के बीच दर्ज किया गया, जबकि नॉर्थईस्ट इंडिया, बिहार और पश्चिम बंगाल में तापमान नॉर्मल से तीन से पांच डिग्री ज्यादा रहा। बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना जैसे राज्यों में हीटवेव की स्थिति रही। वहीं, पश्चिम बंगाल में भी हीटवेव देखी गई। राजस्थान को छोड़कर उत्तर पश्चिम भारत के राज्यों में अगले चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान दो से तीन डिग्री तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। उसके बाद ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा।

उड़द, तुअर समेत खरीफ फसलों की एमएसपी बढ़ाने को कैबिनेट की मंजूरी

नई दिल्ली. उड़द, तुअर समेत खरीफ फसलों की एमएसपी बढ़ाने को नरेंद्र मोदी सरकार की कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है. सरकार ने मूंग दाल का समर्थन मूल्य सबसे ज्यादा 10 प्रतिशत बढ़ाया है. केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने फैसले के बाद मीडिया को बताया कि कम महंगाई में सरकार ने किसानों के हित में यह फैसला लिया है. गोयल ने कहा कि महंगाई को नियंत्रित करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता रही है. दुनिया के कई देशों में खाद्यान्न पदार्थों की महंगाई 30% से 40% तक बढ़ी लेकिन भारत में महंगाई नियंत्रण में रही, बहुत कम समय के लिए बढ़ी.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में 2023-24 के फसल वर्ष के लिए खरीफ (गर्मियों) की सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाने की मंजूरी दी गई.

2183 रुपया क्विंटल धान की एमएसपी की गई है. ज्वार की एमएसपी 3180 रुपये प्रति क्विंटल की गई है. ए ग्रेड का धान 2203 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है.

धान खरीफ की प्रमुख फसल है और इसकी बुवाई आमतौर पर दक्षिणपश्चिम मानसून के आगमन के साथ शुरू होती है. भारतीय मौसम विभाग का अनुमान है कि अल नीनो प्रभाव के बावजूद इस साल जून-सितंबर के दौरान मानसून सामान्य रहेगा.

बता दें कि धान (सामान्य) के लिए एमएसपी रुपये से बढ़ाया गया है. 2040 प्रति क्विंटल से 2183 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है. इससे जाहिर है कि 143 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है. साथ ही धान (ग्रेड ए) के लिए एमएसपी भी बढ़ा दिया गया है. यह 2060 रुपये प्रति क्विंटल से 2203 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है. यहां पर 143 प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है.

गोयल ने कहा कि ऐसे समय जबकि खुदरा मुद्रास्फीति नीचे आ रही है, एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को फायदा होगा. गोयल ने बताया कि सामान्य ग्रेड के धान का एमएसपी 143 रुपये बढ़ाकर 2,040 रुपये से 2,183 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है.

'ए' ग्रेड के धान का एमएसपी 163 रुपये बढ़ाकर 2,203 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है. न्यूनतम समर्थन मूल्य में सबसे अधिक 10.4 प्रतिशत की वृद्धि मूंग में की गई है. मूंग का एमएसपी अब 8,558 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। पिछले साल यह 7,755 रुपये प्रति क्विंटल था.

आगामी विधानसभा निर्वाचन के संबंध में कलेक्टर सिन्हा ने ली बैठक, आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

निर्वाचन कार्यालय का किया निरीक्षण, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी विधान सभा निर्वाचन के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में निर्वाचन अधिकारी, ड्यूटी, मतदान केंद्र, पोलिंग बूथ, नोडल अधिकारी सहायक नियुक्ति, मटेरियल मैनेजमेंट, ट्रांसपोर्ट, मानदेय, नॉमिनेशन तैयारी के संबंध में समीक्षा करते हुए आवश्यक तैयारियां की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न कार्यों के लिए अधिकारियों की नियुक्त करते हुए अपने कार्यों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने चारों विधानसभा में कुल बूथ की जानकारी ली। उन्होंने विधानसभावार वोटरों की जानकारी लेते हुए, वोटिंग की समीक्षा की। उन्होंने कम वोटिंग वाले बूथ में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए। जिससे जनसामान्य को

वोटिंग के लिए प्रेरित कर, वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोत्तरी किया जा सके। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन प्लानिंग के साथ संवेदनशील मतदान केंद्रो की जानकारी ली। उन्होंने पीवीटीजी मतदाताओं का मतदान सुनिश्चत करने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में कलेक्टर सिन्हा ने निर्वाचन कार्यालय के वेयर हाऊस का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने भूतल ईवीएम हॉल, प्रथम तल वीवीपीएटी जैसे प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिन्हा ने यहां कैमरा, बैठक व्यवस्था की जानकारी लेते हुए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा संबंधी जानकारी भी ली। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद

कुमार, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे, तहसीलदार लोमश मिरी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की हुई बैठक

कलेक्टर सिन्हा ने आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में उपयोग होने वाले ईव्हीएम, वीवीपीएटी मशीनों का एफएलसी के संबंध में जिले के सर्व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगणों को एफएलसी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वेयर हाऊस में 2261 बीयू 1623 सीयू तथा 1760 वीवीपीएटी मशीनें उपलब्ध है।

इन्हीं मशीनों में से आगामी विधानसभा निर्वाचन में उपयोग किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार उपलब्ध ईवीएम/वीवीपीएटी मशीनों का एफएलसी 10 से 27 जून के मध्य पूर्ण किया जाना है। एफएलसी कार्य ईसीआईएल हैदराबाद के इंजीनियरों द्वारा उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष में की जाएगी। सभी एफएलसी मशीनों जैसे कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट को आपस में जोड़कर माकपोल भी किया जाएगा एवं एफएलसी की संपूर्ण प्रक्रिया की वेबकास्टिंग भी की जाएगी। एफएलसी हाल के भीतर एफएलसी कार्य हेतु प्रयुक्त किए जाने वाले इलेक्ट्रानिक डिवाइस/मोबाईल के अलावा अन्य किसी तरह की इलेक्ट्रानिक डिवाइस/मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। एफएलसी कार्य में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण वेयर हाउस में उपस्थित रहेंगे जिसके लिए सभी राजनैतिक दल अपने प्रतिनिधियों का 1 पासपोर्ट साइज फोटो जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करना होगा ताकि संबंधितों को परिचय पत्र प्रदान किया जा सके। कलेक्टर सिन्हा ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को एफएलसी प्रक्रिया में सहभागी बनकर स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन में अपना योगदान देने के लिए कहा।

इस अवसर पर निर्वाचन पर्यवेक्षक फकीर मोहन षडंगी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों में से राजेन्द्र पाण्डेय, ज्ञानेश्वर सिंह गौतम, राजा चौबे, पिन्टू सिंह, प्रिंकल दास, सरजू अजगल्ले उपस्थित रहे।

एक नजर

कलमा बैराज के सभी गेट 16 जून से खुले रहेंगे

बैराज के ऊपर और नीचे महानदी में मछली पकड़ना, फसल लगाना एवं नहाने के लिए सख्त मनाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जल संसाधन संभाग, रायगढ़ के कार्यपालन अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया है कि महानदी पर निर्मित कलमा बैराज के सभी गेट 16 जून से 15 अक्टूबर 2023 तक खुले रहेंगे। जिससे बाढ़ में बैराज के नीचे महानदी में जल बहाव की मात्रा अचानक अत्यधिक बढ़ सकती है। बैराज के ऊपर और नीचे महानदी में मछली पकड़ना, फसल लगाना एवं नहाना इत्यादि सख्त मना है। उक्त सूचना का पालन नहीं करने वाले व्यक्ति किसी प्रकार की हानि होने पर स्वयं जिम्मेदार होंगे।

स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार 9 जून को

पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जिले की वेबसाईट में है अपलोड

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला खनिज न्यास निधि मद अंतर्गत चिकित्सा विशेषज्ञ (शिशुरोग/ स्त्रीरोग/ निश्चेतना/भेषज विशेषज्ञ)/दंत चिकित्सक/स्टाफ नर्स के संविदा आधार पर भर्ती किए जाने हेतु गत दिवस आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का निराकरण पश्चात दावा-आपत्ति निराकरण उपरांत पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की प्रावीण्य सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिंदल रोड भगवानपुर रायगढ़ में चस्पा किया गया है एवं जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अपलोड की गई है। उक्त पदों के लिए 9 जून 2023 को शाम 4 बजे से साक्षात्कार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिंदल रोड भगवानपुर रायगढ़ में ली जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

दिन-दहाड़े महिला का शव दुकान के बाहर छोड़कर भागे युवक अब पुलिस की गिरफ्त में

अंबिकापुर-रायपुर । अंबिकापुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में कल शराब के नशे में धुत्त दो युवकों ने एक महिला की लाश साइकिल पर लादी और उसे शहर के बीचो-बीच लाकर एक दुकान के सामने रख दिया और भाग निकले। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

सूत्रों ने बताया कि यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसके चलते पुलिस को इन आरोपियों तक पहुंचने में काफी मदद मिल गई। पुलिस ने चौबीस घंटों के भीतर दोनों आरोपियों को न केवल हिरासत में ले लिया, बल्कि मृतिका की पहचान भी कर ली है। अब पुलिस पूरे मामले की बारीकी से छानबीन कर रही है। घटनाक्रम के अनुसार कल दोपहर दो युवक साइकिल में एक महिला की लाश लेकर शहर के अंदर पहुंचे। दोनों युवक काफी लड़खड़ा रहे थे, उन्होंने किसी तरह महिला का शव साइकिल से नीचे उतारा और एक बंद दुकान के सामने रखकर वापस लौट गए। आसपास के राहगीर उनकी हरकतों को देख रहे थे, लेकिन किसी ने टोकाटाकी नहीं की। इसके बाद दुकानदार जब दुकान खोलने पहुंचा तो उसे महिला की लाश दिखी। उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों युवकों को हिरासत में लिया। बताया गया कि दोनों युवक कोठीघर के पास पकड़े गए हैं।

सीएचसी पत्थलगांव में स्वास्थ्य विभाग की बैठक हुई सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

पत्थलगांव विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बैठक आयोजित कर मितानिनों को प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में खण्ड चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेम्स मिंज, जिला कॉर्डिनेटर, ब्लॉक समन्वयक एवं समस्त ब्लॉक मितानिन प्रशिक्षक उपस्थित थे। बैठक में सघन कुष्ठ खोज अभियान 15 जून से 10 जुलाईए गहन डायरिया पखवाड़ा हेतु 0 से 5 वर्ष के बच्चों को घर घर जाकर सर्वे करने और ओआरएस घोल बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मोतियाबिंद के अधिक से अधिक मरीजों एवं हाइड्रोसील के छूटे हुए मरीजों को चिन्हांकन करके ऑपरेशन के लिए भेजने के निर्देश दिए गए। छूटे हुए हितग्राही का शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा गया है। साथ ही उच्च जोखिम गर्भावस्था महिला की पहचान करके सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

पत्थर से कुचलकर युवक की हत्या, तीन संदेही हिरासत में

दुर्ग-रायपुर । दुर्ग के मोहननगर थाना क्षेत्र के शक्तिनगर में कल देर रात घायल अवस्था में मिले युवक की आज सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कल देर रात सूचना मिली कि शक्तिनगर में एक युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत काफी नाजुक बनी हुई थी। सुबह तक युवक की पहचान लुकेश यादव के रूप में की गई और इसके बाद उसकी मौत की सूचना आ गई।

विधानसभा अध्यक्ष ने अचानकपुर में 24 लाख रुपए से अधिक के तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण का किया लोकार्पण

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने ग्राम पंचायत अचानकपुर में 24 लाख रुपए से अधिक के तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण का लोकार्पण किया। उन्होंने समग्र शिक्षा और डीएमएफ मद योजना अंतर्गत प्राथमिक शाला भवन ग्राम पंचायत अचानकपुर में 8.32 लाख रुपए के अतिरिक्त कक्ष निर्माण, प्राथमिक शाला भवन ग्राम पंचायत देवरमाल में 8.32 लाख रुपए के अतिरिक्त कक्ष निर्माण और इसी प्रकार प्राथमिक शाला भवन ग्राम पंचायत डुमरपारा में 8.32 लाख रुपए के अतिरिक्त कक्ष निर्माण का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा

कि नवगठित जिला सक्ती बनने के बाद अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज शिक्षा के आधार व नीव को और मजबूत करते हुए तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण का लोकार्पण किया गया है तथा जिले में और भी अतिरिक्त कक्ष निर्माण प्रगतिरत है। उन्होंने कहा कि जिला खनिज संस्थान न्यास मद से जिले में कहीं अतिरिक्त कक्ष तो कहीं पुलिया आदि निर्माण कार्य कराते हुए क्षेत्र का विकास किया जा रहा है और आगे भी विकास के लिए लगातार कार्य किए जाएंगे। इसी क्रम में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत का बच्चों की शिक्षा व्यवस्था को बढ़ाते हुए अतिरिक्त कक्ष भवन के लोकार्पण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी ग्रामीणजनों, स्कूल स्टाफ सहित आमजन से 16 जून को स्कूलों में होने वाले प्रवेश कार्यक्रम को भव्य उत्सव के रूप में मनाने का आग्रह किया। उन्होंने जिले में शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्य के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। सरपंच वंदना राज ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने अचानकपुर विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक भोला शंकर तिवारी को सालए श्रीफ ल और रामचरितमानस देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत, जिला पंचायत जांजगीर चांपा अध्यक्ष यनीता यशवंत चंद्रा, जनपद पंचायत सक्ती अध्यक्ष राजेश कुमार राठौर, गुलजार सिंह, सूरज महंत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, नरेश गेवाडिन, श्याम सुंदर अग्रवाल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि अधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

फरसाकानी महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में मिलेट प्रसंस्करण कार्य प्रारंभ

समूह के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने प्रशिक्षण लेकर उत्पादन कार्य कर दी शुरुआत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजना से जिले में विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही है और महिलाओं एवं ग्रामीणों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर लोगों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध हो इस हेतु गौठानों में रीपा के तहत् अनेक मल्टी एक्टीविटी की जा रही है

और स्थानीय महिलाओं को समूह के रूप में विकसित कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही प्रशिक्षण पश्चात् रोजगार जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के दिशा-निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में कुनकुरी विकासखंड के फरसाकानी महात्मा गांधी ग्रामीण उद्योगिक पार्क में समूह के सदस्य एवं ग्रामीणों द्वारा उत्कृष्ट अधोसंरचना निर्माण के साथ विभिन्न गतिविधि कर आय अर्जन कर रहे हैं। इनके द्वारा ऑटा, मैदा सूजी उत्पादन के साथ-साथ मिलेट पास्ता एवं टाऊ

प्रसंस्करण पर कार्य किया जा रहा है। इस विभिन्न गतिविधि जैसे वर्ष 2023 को भारत सरकार ने मिलेट वर्ष के रूप में घोषित किया है एवं मिलेट प्रसंस्करण पर एक नया आयाम जोड़ने हेतु कुनकुरी विकासखंड के समूह सदस्यों एवं ग्रामीणों ने उक्त गतिविधियो में प्रशिक्षण लेकर उत्पादन कार्य की शुरुआत कर दी है।

योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत् निगरानी करेंगे राजस्व अधिकारी-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी सहकारी समितियों में किसानों की सुविधा को देखते हुए शीघ्र सीएससी सेंटर खोलने के निर्देश दिये।जिले में रोजगार की संभावनाओं की जानकारी एकत्र करके योजनावद्ध तरीके से बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहियों को रोजगार मूलक कौशल प्रशिक्षण देने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से उद्योग, शॉपिंग मॉल, होटल तथा अन्य संस्थाओं में रोजगार की उपलब्धता का आंकलन करनेए सेवा के क्षेत्र में रोजगार तथा कृषि के क्षेत्र में रोजगार के अवसर

प्रदान करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने एसईसीएल के साथ संयुक्त बैठक आयोजित करके प्रशिक्षण कार्यक्रम जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात के दौरान की गई घोषणाओं एवं निर्देशों के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने पीएम पोर्टल मे माध्यम से विभिन्न विभागों को प्राप्त लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। खरीफ के सीजन में किसानों को केसीसी के प्रकरण प्राथमिकता से स्वीकृत करें। पूर्व में प्राप्त वनाधिकार पत्रों का रिव्यू करें और पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र जारी करें। मुख्यमंत्री शाला जतन योजनाए जल जीवन मिशनए पीडब्ल्यूडी सहित अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। रेडक्रॉस सोसाइटी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है प्रक्रिया प्रारंभ करें।

तमनार के ग्राम्य भारती, जेपीएल, अदाणी में पौधरोपण व विविध कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-तमनार।

केलो कोयलांचल आदिवासी बाहुल्य तहसील तमनार में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह जगह पौधरोपण व पर्यावरण जागरूकता संरक्षण संवर्धन विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आदर्श ग्राम्य भारती विद्यालय तमनार परिसर में 50 वीं विश्व पर्यावरण दिवस पर 50 बॉटल पॉम पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि बीडीसी गायत्री बेहरा की जन्म दिवस पर केक काटकर पोधरोपण संरक्षण संवर्धन का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर ग्राम्य भारती संचालक लक्ष्मीनारायण चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश गुप्ता, पत्रकार दुलेन्द्र पटेल, बीडीसी ममता साव, बीडीसी गायत्री बेहरा, श्यामा उरांव, दूशिला साव, सुरेंद्र पटनायक, राजेश मरकाम अन्य ने बरभांठा चौक से बस स्टैंड तक

छायादार पौधरोपण हेतु चर्चा परिचर्चा किया गया। आदर्श ग्राम्य भारती विद्यालय धौंराभांठा में विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण प्रश्नोत्तरी, क्विज ए ड्रॉईंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्राचार्य दिनेश कुमार चौधरी ने विजेताओ को विशेष पुरस्कार एवं समस्त प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया। विद्यालय परिसर में बागवानी सहित वृक्षारोपण किया गया। जिंदल पावर लिमिटेड, तमनार में विश्व पर्यावरण दिवस 2023 का आयोजन वैश्विक थीम प्लास्टिक प्रदूषण की समुचित समाधान विषय पर विचार मंत्रणा

व वृहद वृक्षारोपण एवं पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण की शपथ लेकर किया गया। इस अवसर पर प्रात: सावित्रीनगर कालोनी में प्रभातफेरी निकालकर पर्यावरण हितैषी गगनभेदी नारों एवं श्लोगन के साथ आम जनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया गया। वहीं विश्व पर्यावरण दिवस 2023 के अवसर पर र्प्यावरण सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग, ग्राम्य भारती तमनार, जेपीएल, अम्बुजा सीमेंट डीसीपीपी, अदाणी फाउंडेशन अन्य द्वारा पौधरोपण पर्यावरण जागरूकता के साथ निबंध रंगोली ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ।

ग्राम्य भारती संचालक पर्यावरण प्रेमी लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कहाकि हमेशा पर्यावरण स्वच्छ्ता दिवस मनाये। हर नागरिक एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण संवर्धन करें। हम आप सबके जन सहयोग से ही प्रकृति को बचाया जा सकता है। औद्योगिक प्रदूषण व वृक्षों की लगातार कमी से तापमान बढ़ रहा है। पर्यावण प्रदूषण के कारण हर आदमी पीड़ित है हम सबको मिलकर संकल्पित होकर वृक्षारोपण करना चाहिए। हमे प्रकृति कोष बनाकर पर्यावरण का संरक्षण संवर्धन करना होगा। छात्र छात्राओं, अधिकारी, कर्मचारी व ग्रमीणजनो को वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण संवर्धन हेतु तन मन धन से सहयोग करने का आव्हान किया गया।

मितान बन 5500 वां कार्ड लेकर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा पहुंचे हितग्राही के घर

एक कॉल पे तैयार होकर घर पर पहुंचा राशन कार्ड

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ सरकार की मुख्यमंत्री मितान योजना से लोगों को घर बैठे ही अपने जरूरी प्रमाण पत्र और दस्तावेज बनकर मिल रहे हैं। रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में कबीर चौक निवासी ओमप्रकाश अग्रवाल ने राशन कार्ड बनवाने 14545 पर कॉल कर 5 जून को दस्तावेज दिया और आज 7 जून को उनका कार्ड तैयार हो गया। जिसे देने कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा खुद मितान बनकर ओमप्रकाश अग्रवाल और सुलोचना देवी अग्रवाल के घर पहुंचे और उन्हें उनका राशन कार्ड सौंपा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा भी उपस्थित रहे। ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने सोचा नहीं था कि कलेक्टर खुद मितान बनकर कार्ड देने आयेंगे। उल्लेखनीय है कि यह निगम क्षेत्र में मितान योजना के तहत निराकृत किया गया 5 हजार 500 वां प्रकरण था।

इस मौके पर कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर नगर निगम क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं को नागरिकों के घर तक पहुंचाने के लिए मितान योजना की शुरुआत की गई है। रायगढ़ निगम क्षेत्र में आज 5500 वें दस्तावेज की डिलीवरी आज की जा रही है। इसके तहत आज हितग्राही को उनका राशन कार्ड बनाकर दिया गया है। राशन कार्ड की यह सुविधा हाल ही में मितान योजना के तहत शामिल की गई है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि योजना का उद्देश्य है कि लोगों को घर बैठे प्रमाण पत्र व दस्तावेज बनाकर दिए जाएं। इसके लिए उन्हें अनावश्यक भटकना न पड़े। इस बारे में ओमप्रकाश अग्रवाल से बात करने पर उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि सिर्फ एक कॉल से उनका राशन कार्ड तैयार हो गया जिसे देने खुद जिले के कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा घर पहुंचे। उन्होंने बताया कि 5 तारीख को उन्होंने सारे दस्तावेज दिए और आज राशन कार्ड बनकर घर पहुंच गया। इसके लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का नागरिक सुविधाओं को एक कॉल पर लोगों के घर तक पहुंचाने वाली इस सुविधाजनक योजना के लिए बहुत-बहुत आभार जताया।

एक साल में 5 हजार 500 आवेदनों का निराकरण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर 1 मई 2022 को प्रदेश के नगर निगम क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की घर पहुंच सेवा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरुआत हुई है। रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत पिछले एक साल में विभिन्न सुविधाओं के तहत 5 हजार 500 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है।

मितान योजना से श्रम और समय की हो रही बचत

मितान योजना के अंतर्गत प्राप्त सेवाओं में मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति जनजाति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, भूमि की रिकार्ड की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सुधार और दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मितान सेवा से प्राप्त किये जा सकते हैं। इसी तरह मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण पत्र सुधार, आधार कार्ड पंजीकरण, (5 वर्ष तक के बच्चों का) आधार कार्ड में पता एवं मोबाइल नंबर में सुधार घर बैठे मितान सेवा से प्राप्त किए जा सकते हैं। अभी हाल ही में राशन कार्ड की सुविधा भी योजना में शामिल की गई है। जिसके तहत राशन कार्ड ट्रांसफर/सरेंडर, राशन कार्ड सुधार, नया राशन कार्ड एपीएल, राशन कार्ड गुम केस, राशन कार्ड में नाम जोड़ना/काटना, नया राशन कार्ड बीपीएल बनाने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस सेवा से लोगों को श्रम, समय और धन की बचत हो रही है साथ ही प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से भी निजात मिल रही है। वास्तव में छत्तीसगढ़ में मितान योजना से नागरिक सुविधाओं का विस्तार हुआ है और मितान की सेवाओं से सुविधाएं आसान हो रही है।

जया किशोरी का कोरबा आगमन 12 को

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

उर्जाधानी शहर के हृदयस्थल डीडीएम रोड में नवनिर्मित श्रीराम दरबार मंदिर में 12 जून को प्रभु श्रीरामचंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगी। इस अवसर पर पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी और प्रख्यात कथावाचिका जया किशोरी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। इस भव्य आयोजन के लिये राज्य भर से अतिथियों को आमंत्रण भेजा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां आज आठ जून से शुरू हो जायेगी। इस दिन मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा हेतु आचार्यों की उपस्थिति में शास्त्रगत मंत्रोच्चार और विशेष पूजा अर्चना के साथ श्रीराम का आह्वान किया जायेगा। वहीं 12 जून को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य आयोजन सुबह नौ बजे कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। श्री राम दरबार तक कलश यात्रा के साथ निशान पदयात्रा का भी आयोजन किया जायेगा। इस कलश यात्रा में सभी महिलाये एक ही रंग की साड़ी पहने हुये नजर आयेंगी। दोपहर बारह बजे से महाभंडारे की भी शुरुआत कर दी जायेगी। इसी दौरान दोपहर लगभग दो बजे से साढ़े तीन बजे तक प्रभु श्रीराम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा की मुख्य पूजा का आयोजन होगा। शाम पांच बजे से विश्व विख्यात कथा वाचिका जया किशोरी कथा वाचन करेंगी, जो रात आठ बजे तक डीडीएम रोड राम दरबार में जारी रहेगा। गौरतलब है कि शहर में इस भव्य राम मंदिर का निर्माण प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की पहल पर करवाया गया है। भविष्य में इसका संचालन ट्रस्ट के माध्यम से होगा। मंदिर में राजस्थान के कारीगरों की कलाकृति प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगा। प्राण प्रतिष्ठा के लिये भगवान श्रीराम के जन्मस्थल अयोध्या से मिट्टी मंगाई गई है। इस मंदिर के अस्तित्व में आने से इसके परिसर में शहरवासियों को अयोध्या की अनुभूति होगी खास बात यह है राजस्थान से लाई गई जिस संगमरमर पत्थर से अयोध्या में रामलला की मंदिर बन रही है उसी जगह के पत्थर का उपयोग शहर के राम मंदिर में निर्माण में हो रहा है। इसके लिये राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र से कारीगर बुलवाये गये हैं। मजदूरों के साथ ही पत्थर पर नक्काशी करने वाले तीस से चालीस ऐसे कारीगर हैं, जिन्होंने अयोध्या के राम मंदिर के निर्माण में भी अपना योगदान दिया है। कुल मिलाकर 120 कारीगर और मजदूर मंदिर का निर्माण कर रहे हैं। इनमें से अधिकतर राजस्थान से हैं, जो सभी धार्मिक स्थलों का ही निर्माण करते हैं।

मनुष्य की जिंदगी के लिए समाज का अस्तित्व महत्वपूर्ण- योगेश तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

समाधान महाविद्यालय बेमेतरा में एक माह का निशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के व्यक्ति की समाज के प्रति भूमिका व्याख्यान में किसान नेता योगेश तिवारी सम्मिलित हुए एवं महाविद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं को जीवन के उतार-चढ़ाव में कैसे अपने आप को सफल मुकाम तक कैसे पहुंचना है। यह उन्होंने संबोधित किया। इस अवसर पर किसान नेता ने महाविद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज आज के इंसानों का नजरिया समाज को लेकर काफी हद तक बदल गया है। समाज का मतलब सिर्फ इतना ही जानते हैं कि उन्हें निश्चित क्षेत्र तक ही सीमित रहता रहना है। तो शायद इस बात को

आप भूलते जा रहे हैं कि मनुष्य की जिंदगी के लिए समाज का अस्तित्व जितना अधिक महत्वपूर्ण है उतना ही समाज को भी मनुष्य की इंसानों की जरूरत है। जब इंसान का जन्म धरती पर होता है। तभी उसका संबंध समाज के साथ जुड़ जाता है, क्योंकि कोई भी इंसान अकेले ही अपनी जिंदगी व्यतीत नहीं कर सकता। दोनों को एक-दूसरे की जरूरत है। हमको समाज की समाज को हमारी समाज में रहकर हम वह सब कुछ पा सकते हैं व सब कुछ कर सकते हैं। जो हमको जिंदगी जीने के लिए बहुत जरूरी है इसलिए हमको एक सामाजिक प्राणी होना चाहिए।

समाज के प्रति अपने दायित्व को पूरी तरह से निभाएं

महाविद्यालय के डायरेक्टर ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा यह परम कर्तव्य है कि समाज के प्रति अपने दायित्व को पूरी तरह से निभाएं। हमें जो कुछ समाज से मिला है वह समाज को लौटाए। हम जो कुछ भी बनते हैं उसमें जितना योगदान हमारे परिश्रम का होता है उतना ही हमारे सामाजिक ढांचे का होता है। इसलिए समाज से हमें जो कुछ मिला है उसे लौटाना हम सबका दायित्व है।

गौठान लेन्ध्रा छोटे की रोशनी समूह को सीमेंट पोल से हुई 8 लाख की आमदनी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

गौठान बिहान और महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक इकाई रीपा के संयुक्त कार्य से ग्रामीण महिलाओं को स्वसहायता समूह के माध्यम से पहले रोजगार मिल रही है और उसके बाद वे अपनी मेहनत से उत्पादन करके लाभ अर्जित कर रही हैं। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम लेन्ध्रा छोटे के गौठान में वर्मी कम्पोस्ट के अलावा नलकूप, ट्रांसफार्मर और मल्टी, क्टिविटी सेंटर सह गोदाम कक्ष है। रोशनी स्वसहायता समूह लेन्ध्रा छोटे के गौठान में सीमेंट पोल का निर्माण और विक्रय करती है। कलेक्टर डॉ फ रिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी सारंगढ़ अभिषेक बनर्जी द्वारा रोशनी समूह द्वारा उत्पादित सीमेंट पोल सामग्री का उपयोग अन्य गौठानों में बाउंड्री के लिए उपयोग करने की व्यवस्था की गई, जिसके कारण रोशनी समूह को बिक्री के लिए आर्डर मिलने

लगे। रोशनी स्वसहायता समूह की अध्यक्ष हिरन कोशले ने बताया कि उनके समूह में 10 सदस्य हैं। मिक्कर मशीन 2 लाख रूपए में और बाइगलेटर मशीन ढाई लाख रूपए में खरीदी की है। समूह ने अब तक कुल 11 हजार सीमेंट खम्भा बनाया हैए जिसमें से 10 हजार 430 खम्बे की बिक्री 16 लाख 68 हजार 8 सौ रूपए में हो चुकी है। खम्भों को बनाने में 8 लाख 34 हजार 4 सौ रूपए की लागत खर्च हुई है। समूह को शुद्ध 8 लाख रूपए की आमदनी हुई है। रोशनी समूह के सभी सदस्य और उनका परिवार इस कार्य से खुश हैं। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। इस रोशनी समूह के सभी सदस्यों की यह उपलब्धि अन्य समूहों के लिए प्रेरणादायी है। राज्य सरकार के गौठान और बिहान स्वसहायता समूह की सफलता का यह मॉडल है। उल्लेखनीय है कि लेन्ध्रा छोटे के गौठान में दीक्षा, सरस्वती, शिवानी, आशाकिरण आदि स्वसहायता समूह वर्मी कम्पोस्ट जैविक खाद का निर्माण कर रही हैं। अन्य स्वसहायता समूह सर्फ, अगरबत्ती आदि का भी निर्माण कर रही हैं।

एक नजर

विधानसभा मिडिया सहप्रभारी नियुक्ति होने पर लोगों ने दिया बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, संगठन महामंत्री पवन साय प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी एवं बेमेतरा भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी के सहमति से देवकर के भाजपा पार्टी के जुझारू युवा नेता राकेश पाण्डेय को साजा विधानसभा क्षेत्र के मिडिया सहप्रभारी नियुक्ति किया गया है, पाण्डेय को भाजपा साजा विधानसभा क्षेत्र मिडिया सहप्रभारी नियुक्ति होने पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं तथा शुभचिंतकों ने पाण्डेय को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राकेश पाण्डेय ने अपनी नियुक्ति होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पार्टी ने जो मुझे जिम्मेदारी दी हैं उसे मैं पुरी ईमानदारी और सफलता के साथ निभाउंगा उन्होंने भाजपा पार्टी के संगठन पदाधिकारियों के प्रति अपनी आभार व्यक्त किया है। जिसमें भाजपा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, बेमेतरा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व विधायक लाभ चन्द बाफना को धन्यवाद दिया है। इस प्रकार नगर के नगर पंचायत देवकर उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, नेताप्रतिपक्ष एंव पाषर्द मनोज शर्मा, सांसद प्रतिनिधि रविशंकर सोनी, जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष रावल जैन, सुरेश सिन्हा, बुधारू साहू, नकुल सिन्हा, प्रकाश सोनी, अजय सपहा, धर्मेंद्र पटेल, पूरण साहू, माधव यादव जितेन्द्र साहू, धनी देंवागन, धनेश्वर निषाद ने बधाई दी।

त्रिस्तरीय पंचायती आम व उप चुनाव नाम निर्देशन पत्र की अंतिम तिथि 9 जून

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों का आम व उप निर्वाचन अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि नौ जून 2023 को अपरान्ह 3 बजे तक है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 10 जून को की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापसी की अंतिम तिथि 12 जून को अपरान्ह 3 बजे तक है। साथ ही उसी दिन नाम वापसी के बाद निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। प्रतीक आबंटन के तुरंत बाद 12 जून को ही निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन भी किया जाएगा। मतदान यदि आवश्यक हुआ 27 जून 2023 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा तथा मतदान समाप्ति के बाद 27 जून को ही मतगणना, मतदान केन्द्रों पर की जाएगी। यदि आवश्यक हो तो तहसील, खण्ड मुख्यालय पर 28 जून को दोपहर 3 बजे से मतगणना की जाएगी। सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणामों की घोषणा 30 जून 2023 को सुबह 9 बजे से की जाएगी। खंड मुख्यालय में पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य के तथा जिला मुख्यालय में जिला पंचायत सदस्य के सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिले के सारंगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गापालीए बरभांठा ;अद्ध और टिमरलगा में सरपंचए खुडुभांठा के वार्ड 2 और मुड़वाभांठा के वार्ड 15 में पंच, बरमकेला जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बारादावन में सरपंच और कोकबहाल के वार्ड 14 में पंच पद के लिए निर्वाचन किया जाएगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बालपुर और अमलडीहा में सरपंच और देवसागर के वार्ड.4 में पंच के लिए निर्वाचन होगा। ग्राम पंचायत टेढ़ीभदरा में आम निर्वाचन अंतर्गत सरपंच और वार्ड.1 से 10 तक में पंच पद के लिए निर्वाचन होगा।

नवगठित जिले में सबसे पहले दो पेंशनभोगियों को कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने प्रदान किया पेंशन भुगतान आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

नवगठित जिला सारंगढ-बिलाईगढ़ के सबसे पहले दो पेंशनभोगियों को कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के हाथों पेंशन भुगतान आदेश प्रदान किया गया। कलेक्टर ने उन्हें आगे के बेहतर जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। पेंशनभोगियों में त्रिलोचन नायक पूर्व माध्यमिक शाला बरमकेला से प्रधान पाठक के पद पर और सुमन चौधरी पटवारी के पद पर सेवानिवृत्त हुए हैं। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी चन्द्रपाल सिंह ठाकुर एवं सहायक कोषालय अधिकारी कुलदीप चंद्रवंशी उपस्थित थे।

राशनकार्ड में आधार कार्ड की ई-केवायसी 30 जून तक कराएं-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

कलेक्टर डॉ फ रिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत किसी भी प्रकार की त्रुटि का निराकरण संबंधित अधिकारीगण करें ताकि बेरोजगारी भत्ता युवाओं को आसानी से मिल सके। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र अंतर्गत बच्चों को दिए जाने वाले दवा के सेवन कराने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को, उनके द्वारा किए गए सीमांकन के बारे में जानकारी ली। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी से जिले में हुए शिविर अंतर्गत लाभान्वित दिव्यांग हितग्राहियों की संख्या और स्वास्थ्य प्रमाण पत्र आदि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने खाद्य

एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से चावल उपार्जन, समितियों में रासायनिक खाद और जैविक खाद के भंडारण के संबंध में जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए। डॉ सिद्दीकी ने जन्म से लेकर बारहवीं तक के बच्चों के जाति प्रमाण पत्र के संबंध में महिला एवं बाल विकासए राजस्व और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पूरा करने कहा। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने समय सीमा की बैठक में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आपातकालीन सेवा में मदद करने वाली भारतीय रेडक्रास सोसायटी की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों को आजीवन या वार्षिक सदस्य बनने के अपील की।

रेडक्रास के सदस्य बनने के लिए जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सपंर्क कर सकते हैं। कलेक्टर ने आम नागरिकों से यह भी अपील की है कि वे राशन कार्ड में अंकित सदस्यों का आधार कार्ड ई.केवायसी 30 जून तक कराएं। डॉ सिद्दीकी ने गोबर पेंट उत्पादनकर्ता गौठान को आर्डर करने के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और स्कूल शिक्षा विभाग को कहा। इसी प्रकार रीपा के अंतर्गत काम करने वाली समूह द्वारा स्कूल बैग के उत्पादन को बिक्री के लिए स्कूल शिक्षा एवं अन्य विभाग को आर्डर करने के लिए कहा। कलेक्टर ने उत्पादन और बिक्री करने के लिए संबंधित उत्पादनकर्ता और उपयोगकर्ता एजेंसी के मध्य एक चक्रीय व्यवस्था सुनिश्चित की है।

केन्द्रीय भू-संवर्धन एवं संरक्षण की टीम ने किया जल जीवन मिशन के कार्यों का मुआयना

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जल शक्ति अभियान कैच द रेन के केन्द्रीय नोडल अधिकारी सह संयुक्त सचिव भारत सरकारसोनमणि बोरा जिले में चल रहे भूजल संवर्धन एवं संरक्षण के कार्यों की भौतिक स्थिति जानने के लिए जिले का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान जब केन्द्रीय टीम नवकेशा अमृत सरोवर देखने के लिए जा रहे थे तब बीच में ही नल जल योजना देखने का अचानक प्रोग्राम बना और नए उप तहसील देवरबीजा के समीप ग्राम तेंदुवा नवापारा में पहुंचे। ग्राम पहुंचते ही वहां के पंचायत सचिव ने बोरा को पहचान लिया और भावविभोर हो गए और कहा कि लगभग 22 साल पहले जब आप एसडीएम थे तब इस क्षेत्र में पानी बचाव अभियान आपके द्वारा चलाया गया था और आज आपके द्वारा उठाया गया यह अभियान आज सफल हुआ है। बोरा भी सचिव

से मिलकर प्रसन्न हुए एवं कहा कि आज इतने वर्षों के बाद फिर से इसी गांव में नल जल योजना निरीक्षण करने का अवसर मिला है। मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि आज हर घर में जल जीवन मिशन के तहत नल द्वारा पानी पहुंचाया जा रहा है। आज से लगभग 22 पहले मैं अल्प अवधि के लिए एसडीएम के रुप में पदस्थ रहा हूं। बेमेतरा जिला वृष्टि छाया क्षेत्र होने के कारण उस दौरान मैने जनभागीदारी से पानी बचाव अभियान वर्ष 2001 में चलाया था मेरे लिये यह सुखद अनुभूति है कि आज बेमेतरा क्षेत्र में 13 एनीकट एवं अन्य जलभराव क्षेत्र में पानी लबालब भरा हुआ है। जिससे खेती, किसानी, निस्तारी वन्य जीवों को मदद करने के साथ-साथ पेयजल के लिये भी बहुत उपयोगी साबित हुआ है। भू-जल स्तर को संरक्षण करते हुए सतही जल का अधिक से अधिक प्रयोग हुआ है। केन्द्रीय नोडल अधिकारी बोरा ने ग्रामीणों से नल जल योजना के तहत उपलब्ध होने वाले मीठे पानी के संबंध में बातचीत की। जिस पर ग्रामीणों ने कहा कि घर में पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है। जिससे उन्हें कई समस्याओं से निजात मिल गया है और अब समय भी बर्बाद नहीं हो रहा है। जिससे खेत खलिहान के अन्य काम हम आसानी से कर पा रहे हैं। कलेक्टर ने ग्रामीण परदेशी राम के घर जाकर जल जीवन मिशन अंतर्गत मिल रहे पेयजल सुविधा के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीण ने अपने चेहरे के मुस्कान बिखेरते हुए बताया कि अब गांव में पहले की तरह पानी की समस्या नहीं है। अब आसानी से घर के आंगन में ही पर्याप्त शुद्ध पेयजल और दैनिक उपयोग के लिए पानी मिल जाता है। उन्होंने कहा कि अनुपयोगी पानी बाड़ी, किचन गार्डन में उपयोग करते है। इस दौरान बोरा ने गांव के अन्य ग्रामीणों से भी चर्चा की और जल जीवन मिशन अंर्तगत किए गए कार्य की जानकारी ली। गांव में सभी घर के नल कनेक्शन का निरीक्षण किया। टीम ने पानी जांच समिति जलवाहिनी से पानी की गुणवत्ता की जांच फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से करवाई। टीम ने हर घर नल जल योजना के माध्यम से प्राप्त हो रही पानी की सुविधा के बारे में गांव के निवासियों से जानकारी ली।

मलयालम फिल्म 2018 की कमाई जारी, 100 करोड़ रुपये की ओर कारोबार

एवरीवन इज ए हीरो को रिलीज हुए 1 महीना बीत चुका है और फिल्म का अभी भी बॉक्स ऑफिस में शानदार प्रदर्शन जारी है। यह फिल्म 5 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे शुरुआत से ही दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों द्वारा भरपूर प्यार मिल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2018 ने रविवार को 1.73 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 89.91 करोड़ रुपये हो गया है। 2018 धीरे-धीरे ही सही, लेकिन 100 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है, वहीं फिल्म ने दुनियाभर में 160 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। इसका निर्देशन ज्यूड एंथनी जोसेफ ने किया है। 2018 में टोविनो थॉमस के अलावा कनचाको बोबन, आसिफ अली और अपर्णा बालमुरली जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं।

बैकलेस टॉप पहने मोनालिसा ने दिखाई हुस्न की बेबाकी

तस्वीरें देख आप भी हो जाएंगे बेकाबू

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के फैंस को इंप्रेस करना कभी नहीं भूलती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंटरनेट पर शेयर करती हैं तो लोग उनकी अदाएं देख कर अक्सर अपने होश खो बैठती हैं। हाल ही में मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस बेडरूम फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर फैंस के दिलों की धड़कनें तेज कर दी हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनकी हर एक अदाओं पर अक्सर फैंस अपना दिल हार जाते हैं। अब हाल ही में उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में मोनालिसा ने बैकलेस टॉप पहना हुआ है, जिसमें वो सुपर सेक्सी नजर आ रही हैं। मोनालिसा अपनी इन तस्वीरों में बेड पर बैठे हुए बेहद ही सिजलिंग अदाओं से पोज देते हुए लोगों के बीच लाइमलाइट लूट रही हैं। ओपन हेयर को स्टाइल कर के और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बताते चले कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तस्वीरों पर लाइक्स, कॉमेंट्स के जरिए प्यार लूटाते हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों में अपने सेक्सी कर्व्स फ्लॉन्ट करती हुई काफी हॉट लुक्स में नजर आ रही हैं। मोनालिसा का नाम भोजपुरी इंडस्ट्री की हाई पेड एक्ट्रेसेस में शामिल है।

अपर्णा नायर करेगी शाहिद कपूर की फिल्म ब्लडी डैडी से अपने बॉलीवुड की शुरुआत

अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनने वाली ब्लडी डैडी जल्द ही रिलीज़ होने वाली है, वाहा उसी से जुडी एक नयी खबर सामने आयी है की हमारी मिडिल ईस्ट ब्यूटी अपर्णा नायर एक्शन थ्रिलर फिल्म ब्लडी डैडी से अपना बिग बॉलीवुड डेब्यू करने वाली है

अपर्णा नायर, जो अपने अट्रैक्टिव प्रजेंस और गॉर्जियस लुक के लिए जानी जाती हैं, अपनी बड़ी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म ब्लडी डैडी में बॉलीवुड के हैंडसम हंक शाहिद कपूर के साथ दर्शकों को अपनी एक्टिंग से लुभाने के लिए पूरी तरह से त्यार है। जहा हम ट्रेलर में अभिनेता शाहिद कपूर को एक खुनी अंदाज़ में देख सकते है वही अभिनेत्री अपर्णा को एक फ्रेम में देखते हैं, जो एक फैंसी डिनर इवेंट जैसे टेबल वाले सिन दिखता है। अभिनेत्री ने एक क्लासिक लहंगा पहना है और काफी सुन्दर दिख रही है।हम यह देख कर और इंतज़ार नहीं कर सकते है जब क्या होता है, दर्शक बड़े ही आपूर्ति से अपर्णा और शाहिद को देखने के लिए उत्साहित है। अपर्णा नायर ने एक ब्रिलिएंट अभिनेत्री के रूप में खुद को साबित किया है। प्रत्येक प्रोजेक्ट के साथ, उन्होंने अपने करैक्टर में और गहराई और डिसिप्लिन का प्रदर्शन किया है, जिससे वो सभी का दिल जीत रही है। यह क्राइम थ्रिलर फिल्म एक दिलचस्प कहानी होने का वादा करती है, और कलाकारों में अपर्णा नायर के शामिल होने से उनके सभी प्रशंसकों के बीच और ज़्यादा उत्साह बढ़ा दिया है। हम अभिनेत्री अपर्णा नायर का एक नया और दिलचस्प प्रदर्शन देखने के लिए सुपर एक्साइटेड है जो सभी के दिलो में अपनी एक अलग जगह बनाएगा, शाहिद कपूर के साथ बॉलीवुड में अपनी बड़ी शुरुआत करने वाली है. अपर्णा नायर की सिज़्ज़्लंग ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री बॉलीवुड के ब्रिलियंट, उनके सभी चाहने वाले उन दोंनो का एक अद्भुत प्रदर्शन देखने के लिए उत्साहित है।

थलापति विजय की फिल्म लियो ने रचा नया कीर्तिमान, आरआरआर भी छूटी पीछे

तमिल सुपरस्टार थलापति विजय इन दिनों लगातार सुर्खियों में छाए हुए हैं। वह एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए हैं। उनकी तमिल फिल्म लियो से जुड़ी आए दिन नई जानकारी सामने आ रही है। विजय की इस फिल्म को लेकर भी प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। अब जो खबर आ रही है, उससे उनके प्रशंसक खुशी से उछल पड़ेंगे। दरअसल, फिल्म ने रिलीज से पहले ही केरल में नया रिकॉर्ड बना दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने केरल राज्य में शानदार कमाई की है। इस मामले में इसने आरआरआर से लेकर बाहुबली 2 और पोन्नियिन सेल्वन 2 जैसी फिल्मों को भी पछाड़ दिया है। फिल्म के केरल डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स 16 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं। यह केरल में किसी भी गैर-मलयालम फिल्म के लिए किया गया अब तक का सबसे बड़ा सौदा है। केरल में विजय की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलती है, हालिया डील इसी का सबूत है। विजय ने बाल कलाकार के तौर पर भी कई फिल्मों में काम किया, जबकि बतौर लीड अभिनेता उनकी पहली फिल्म नालया थीरपू थी, जो 1992 में रिलीज हुई थी। उन्होंने इंटरनेशनल अचीवमेंट रिकॉग्निशन अवॉर्ड और साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड समेत कई पुरस्कार जीते हैं। रजनीकांत की सुपरहिट फिल्म 2.0 के डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स 14 करोड़ रुपये में बेचे गए थे, वहीं बाहुबली 2 10.5 करोड़ रुपये के साथ दूसरे नंबर पर थी, तीसरे नंबर पर 10 करोड़ रुपये के साथ RRR और चौथे स्थान पर पोन्नियिन सेल्वन 2 थी, जिसके डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स केरल में 9 करोड़ रुपये में बिके थे।

फिल्म जरा हटके जरा बचके देख रहे दर्शकों से मिलने पहुंचे विक्की-सारा, साझा किया वीडियो

विक्की कौशल और सारा अली खान की जरा हटके जरा बचके को बेशक समीक्षकों द्वारा कुछ खास प्रतिक्रिया न मिली हो, लेकिन इस फिल्म को देखने के लिए दर्शकों की टिकट खिड़की पर लंबी कतार लगी हुई है। जरा हटके जरा बचके ने 2 जून को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया था और फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन जारी है। अब विक्की-सारा ने सिनेमाघर में जरा हटके जरा बचके देख रहे दर्शकों को खास तोहफा दिया है। विक्की ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वो और सारा अपने प्रशंसकों के साथ खचाखच भरे थिएटर में नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में विक्की ने लिखा, हाउसफुल। दिल फुल। आभारी। ये वीकेंड भरा था ढेर सारे प्यार और एक प्यारे सरप्राइज से। सहपरिवार के टिकट बुक करें। जरा हटके जरा बचके ने 3 दिन में बॉक्स ऑफिस पर 21.74 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है।

सत्यप्रेम की कथा का ट्रेलर जारी, फिर जमी कार्तिक आर्यन-कियारा आडवाणी की जोड़ी

कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की सत्यप्रेम की कथा काफी समय से चर्चा में है। कुछ दिन पहले फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसमें दर्शकों को इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म की झलकियां देखने को मिली थी। तब से ही कार्तिक और कियारा के प्रशंसक इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे। सोमवार को सत्यप्रेम की कथा का ट्रेलर जारी हो गया है, जिसमें एक बार फिर से कार्तिक और कियारा की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। इसका ट्रेलर कश्मीर के खूबसूरत दृश्यों के साथ शुरू होता है। फिल्म में कार्तिक एक गुजराती लड़के, सत्यप्रेम के किरदार में हैं, जो शादी करने के लिए उतावला है। उसकी मुलाकात कथा (कियारा) से होती है और दोनों में रोमांस शुरू हो जाता है। ट्रेलर में कार्तिक और कियारा के अलावा, गजराज राव, सुप्रिया पाठक, शिखा तलसानिया और राजपाल यादव भी नजर आ रहे हैं। गुजराती पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म रोमांस और फैमिली ड्रामा से भरपूर है।

समीर विद्वंस द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक म्यूजिकल ड्रामा है। यह 29 जून को पर्दे पर आएगी। इसका निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। फिल्म में कार्तिक के किरदार का नाम सत्यप्रेम है वहीं कियारा के किरदार का नाम कथा है। पहले इस फिल्म का नाम सत्यनारायण की कथा था। इस नाम के लिए निर्माताओं पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा था। फिल्म का विरोध होने के बाद इसका नाम सत्यप्रेम की कथा कर दिया गया।

खेल

सुनील कुमार ने एशियन 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इतिहास रचा

डेकाथलॉन में गोल्ड जितने वाले पहले भारतीय; टीम इंडिया मेडल टैली में तीसरे नंबर पर

भारत के सुनील कुमार ने दक्षिण कोरिया के येचियोन में खेले जा रहे एशियन 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मंगलवार को मेंस डेकाथलॉन इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। इसी के साथ सुनील ने इतिहास रच दिया, वह एशियन 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के डेकाथलॉन में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। चैंपियनशिप के तीसरे दिन सुनील 7003 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर रहें।

बता दें, चैंपियनशिप के इतिहास में डेकाथलॉन इवेंट में भारत का यह दूसरा ही मेडल है इससे पहले साल 2016 में भारत के लिए पहली बार किसी भारतीय एथलीट ने मेडल जीता था। कृष्ण कुमार 2016 में 6551 पॉइंट के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीते थे।

मेडल टैली में भारत तीसरे नंबर पर

चैंपियनशिप के इस सीजन का आज तीसरा दिन था। सुनील के इस गोल्ड के बाद मेडल टैली में भारत के कुल 14 मेडल हो गए हैं। भारतीय टीम के हिस्से में 4 गोल्ड, 5 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारतीय टीम टेबल में तीसरे नंबर पर है। जापान कुल 17 पदक के साथ पहले और चीन 14 पदक के साथ दूसरे नंबर पर है। भारत और चीन के बराबर 14-14 मेडल हैं, लेकिन चीन के आठ गोल्ड होने के नाते वो दूसरे नंबर पर है।

विमेंस लॉन्ग जंप में पूजा ने सिल्वर जीता

वहीं तीसरे दिन पूजा ने विमेंस लॉन्ग जंप में 1.82 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता, जबकि बुशरा खान ने महिलाओं की 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले में भारत ने 45.36 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

चैंपियन का यह 20वां एडिशन है, इसकी शुरुआत 1986 से हुई थी। इस साल चैंपियनशिप में भारत के 45 खिलाड़ी हिस्सा इस रहें हैं। डेकाथलॉन एक इवेंट है, जिसमें ट्रैक और फील्ड दोनों इवेंट शामिल होते हैं। डेकाथलॉन में केवल पुरुष हिस्सा लेते हैं। डेकाथलॉन में एथलेटिक्स के कुल 10 इवेंट्स शामिल होते है। जो पांच-पांच की संख्या में दो दिन में आयोजित किए जाते हैं। इसमें पहले दिन 100 मीटर, लॉन्ग जंप, शॉटपुट, हाई जंप और 400 मीटर का इवेंट, जबकि दूसरे दिन 110 मीटर हर्डल्स, डिस्कस थ्रो, पोल वॉल्ट, भाला फेंक और 1500 मीटर का इवेंट आयोजित होता है।

एशियन U20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 पॉइंट्स टेबल (टॉप-5 टीम)

देश	गोल्ड	सिल्वर	ब्रॉन्ज	कुल
जापान	10	4	3	17
चीन	8	4	2	14
भारत	4	5	5	14
उज्बेकिस्तान	4	4	1	9
कतर	3	1	0	4

एक नजर

आईपीएल, टेस्ट के फर्क से अवगत हैं गिल

लंदन । युवा प्रतिभावान बल्लेबाज शुभमन गिल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में शानदार प्रदर्शन करके आत्मविश्वास ज़रूर मिला है, लेकिन वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की भिन्न परिस्थितियों से अच्छी तरह अवगत हैं। गिल ने 28 मई को समाप्त हुए आईपीएल की 17 पारियों में 890 रन बनाये, जिसमें तीन शतक भी शामिल रहे। गिल ने भले ही अपनी नायाब बल्लेबाजी के दम पर आईपीएल में ऑरेंज कैप हासिल किया, लेकिन उनका मानना है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल एक अलग मैच है।

गिल ने रविवार को आईसीसी के साथ बातचीत में कहा, यह (आईपीएल में प्रदर्शन) आपको थोड़ा आत्मविश्वास तो देता है, लेकिन मुझे लगता है कि यहां परिदृश्य बिलकुल भिन्न है और यह एक अलग मैच है। उन्होंने कहा, यही इसकी खास बात भी है। पिछले हफ्ते हम एक अलग माहौल में अलग तरह की क्रिकेट खेल रहे थे। यह एक नयी चुनौती है और यही टेस्ट क्रिकेट को रोमांचक बनाता है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया बुधवार से होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में आमने-सामने होंगे। भारत ने इससे पहले 2021 में हुए डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी जगह बनायी थी, हालांकि तब उसे न्यूज़ीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में क्रमश- 28 और आठ रन बनाने वाले गिल ने कहा कि वह पिछली गलतियों से ज़रूर सीख लेना चाहेंगे। उन्होंने कहा, हम उन कुछ चीजों के बारे में बात कर रहे हैं जो हमने एक टीम के रूप में और खासकर उस मैच में बल्लेबाजी करने वाले समूह के रूप में सीखी हैं। उम्मीद है कि हम पिछली बार की गई गलतियों को सुधार सकेंगे।

आईपीएल में मिला अभ्यास भारत के काम आयेगा : शास्त्री

लंदन । भारत के पूर्व कोच और कमेंटेटर रवि शास्त्री का कहना है कि द ओवल मैदान की पिच भले ही ऑस्ट्रेलिया के लिये ज्यादा अनुकूल है, लेकिन हाल ही में आईपीएल पूरा करके आई भारतीय टीम मैच अभ्यास के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये ज्यादा तैयार है। भारत और ऑस्ट्रेलिया बुधवार से होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में आमने-सामने होंगे। खिताबी मुकाबले से पहले अधिकतर भारतीय खिलाड़ी जहां आईपीएल खेलकर आ रहे हैं, वहीं ऑस्ट्रेलिया के अधिकतर खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट से बाहर रहने का फैसला किया था। इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले शास्त्री, रिकी पॉन्टिंग और वसीम अकरम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एक कार्यक्रम 'आफ्टरनून विद टेस्ट लिजेंड्स' में मैच को लेकर चर्चा की। बतौर कोच भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल 2021 तक ले जाने वाले शास्त्री ने कहा, मैं कहूंगा कि अगर आप तेज गेंदबाजी आक्रमण को देखें, अगर बुमराह होते तो मोहम्मद शमी, बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ (मुकाबला) बराबरी का होता।

स्पेशल ओलंपिक के लिये 12 जून को रवाना होगी भारतीय टीम

नयी दिल्ली । स्पेशल ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेल 2023 में हिस्सा लेने के लिये 198 खिलाड़ियों की भारतीय टीम 12 जून को जर्मनी के बर्लिन के लिए रवाना होगी। स्पेशल ओलंपिक (एसओ) भारत एक ट्रस्ट हो जिसने सोमवार को इसकी घोषणा की। एसओ भारत ने बताया कि भारतीय जत्थे का विदाई समारोह आठ जून को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। स्पेशल ओलंपिक विश्व खेल दुनिया का सबसे बड़ा समावेशी खेल आयोजन है जो बौद्धिक रूप से अक्षम लोगों की पहचान को बढ़ावा देने वाला एक रंगीन उत्सव होगा।

बर्लिन 26 खेलों में भाग लेने के लिये आये 190 देशों के 7000 एथलीटों और एकीकृत भागीदारों का स्वागत करेगा। भारत की ओर से 198 एथलीट एवं एकीकृत भागीदार और 57 कोच 16 खेलों में भाग लेने के लिये बर्लिन पहुंचेंगे।

एसओ भारत के आयोजन भागीदार निलय वर्मा ने बताया कि गुरुवार को होने वाले विदाई समारोह से पहले टॉर्च रन पूरी की जायेगी। एसओ भारत की मशाल पूरे देश से होते हुए दिल्ली पहुंचेगी और इसे नेहरू स्टेडियम के अंदरूनी हिस्से में घुमाया जायेगा। इसके बाद खेल एवं युवा मामले मंत्री अनुराग ठाकुर और महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी की उपस्थिति में विदाई समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा, बॉलिवुड गायक सोनू निगम और पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह उपस्थित रहेंगे।

एशिया कप से बाहर हो सकता है पाकिस्तान

श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान हाइब्रिड मॉडल पर सहमत नहीं

लाहौर। सितंबर में होने वाले एशिया कप से पाकिस्तान बाहर हो सकता है। श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हाइब्रिड मॉडल में आयोजन करने से मना कर देने के बाद पाकिस्तान के पास एशिया कप से बाहर जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा।

दरअसल एशिया कप की मेजबानी इस बार पाकिस्तान के पास थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से भारत ने पाकिस्तान जाने से मना कर दिया।

इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हाइब्रिड मोड में यानी 3-4 मैच पाकिस्तान और बाकी के किसी और देश में कराने की योजना पेश की, लेकिन श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान इसके लिए तैयार नहीं हुए। हालांकि उन्होंने पाकिस्तान से बाहर अन्य किसी एशियाई देश को एशिया कप की मेजबानी देने पर सहमति जता दी है। PCB के अध्यक्ष नजम सेठी क्रिकेट मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों और सरकारी अधिकारियों के संपर्क में हैं।

सेठी कहते रहे हैं कि अगर पाकिस्तान में एशिया कप का कोई भी मैच नहीं खेला जाता है तो पाकिस्तान एशिया कप नहीं खेलेगा। संभव है कि यह आयोजन अब श्रीलंका में हो। पाकिस्तान के इस टूर्नामेंट में नहीं खेलने पर एशिया कप के प्रसारणकर्ता दोबारा से प्रसारण की शर्तें और कीमतें तय करेंगे।

एसईसीएल गेवरा की पर्यावरणीय जनसुनवाई में भू-विस्थापितों का छलका दर्द, भारी विरोध के बाद जनसुनवाई संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा जिले में आज प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में एसईसीएल गेवरा कोयला खदान के विस्तार हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने जनसुनवाई का आयोजन गेवरा स्टेडियम में किया गया था जिसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों व भूविस्थापित एवं विभिन्न संगठनों ने इस जनसुनवाई का विरोध करते हुए रैली निकाली एसईसीएल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसईसीएल प्रबंधन मुर्दाबाद के नारे लगाए। गौरतलब है कि गेवरा ओपन कास्ट कोयला खदान परियोजना की क्षमता 49 मिलियन टन वार्षिक से बढ़ाकर 70 मिलियन टन किया जा रहा है जिसके कारण इस परियोजना का रकबा 41 84.486 हेक्टेयर से बढ़ाकर 4781.798 किया जाना प्रस्तावित है और जिसकी पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने के उद्देश्य से यह जनसुनवाई आयोजित की गई इस जनसुनवाई का विरोध करते हुए भू-विस्थापितों ने आरोप लगाया है कि यह जनसुनवाई वास्तविक तथ्यों को छुपाकर गलत आंकड़े पेश कर तथा आमजन को गुमराह करते हुए की जा रही है पूर्व में भी एसईसीएल द्वारा किसानों की जमीन खदान खोलने के लिए अधिग्रहित की गई थी लेकिन 40 साल बीत जाने के बाद भी भू विस्थापित रोजगार बसाहट के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं और अपने अधिकारों को पाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। जन सुनवाई के दौरान विभिन्न भू विस्थापितों का दर्द झलका और उन्होंने एसईसीएल गेवरा की पर्यावरणीय जनसुनवाई मे आपत्ति दर्ज कराते हुए खदान क्षेत्र अंतर्गत सड़कों व पर्यावरण प्रदूषण की समस्या सहित भू विस्थापितों को समय पर नौकरी व रोजगार न देने पुनर्वास बसाहटों में एसईसीएल के अधिकारियों द्वारा अनदेखी करने का आरोप लगाया।

दलाली करने वाले सांसद विधायक बनाना बंद करें

वही छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के पदाधिकारी जैनेंद्र कुर्रे ने हसदेव अरण्य को ना उजाड़ने की अपील की साथ ही साथ उन्होंने सांसद और स्थानीय विधायक को आड़े हाथों लेते हुए कहां की ऐसे सांसद विधायक किस काम के हैं जो एसईसीएल की दलाली करते हैं ऐसे सांसद और विधायकों को संसद भवन और विधानसभा जाने से रोकना होगा ऐसे सांसद और विधायक बनाना बंद करना होगा।

एसईसीएल हिंदी में जानकारी न देकर अंग्रेजी में जानकारी देता है, पारदर्शिता का अभाव

अमगांव की महिला सरपंच ब्रज कुंवर कवंर ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहां यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है लेकिन बड़े दुख की बात है कि एसईसीएल और पर्यावरण विभाग द्वारा जो ग्रामीणों को जानकारी दी जाती है वह हिंदी में नहीं अंग्रेजी में रहती है हिंदुस्तान में भी रहकर अपनी मातृभाषा में जानकारी नहीं दी जाती है यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य और पिछड़ा इलाका है जहां हमारे जैसे लोग जो कम पढ़े लिखे हैं वह अंग्रेजी में दी गई जानकारी को नहीं पढ़ पाते हैं जिससे एसईसीएल द्वारा किए गए वादे व कार्यों की पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं।

एसईसीएल अवैध निर्माण पर मुआवजे दे रहा

हल्दी बाजार क्षेत्र के रमेश राठौड़ ने एसईसीएल क्षेत्र में एसईसीएल द्वारा दिए जा रहे अवैध निर्माण मकानों पर मुआवजे पर कड़ा विरोध जताते हुए सीबीआई से जांच की मांग की है वही एसईसीएल द्वारा जंगली पेड़ ना लगा कर फलदार पेड़ों को लगाने अपील की है।

छत्तीसगढ़िया प्रदेश मंत्री ने राखड की समस्या पर आपत्ति दर्ज कराई और सुझाव दिए

छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के दिलीप मिरी ने राखल से होने वाली समस्या और पर्यावरण समस्या को लेकर आपत्ति और सुझाव दर्ज कराए हैं।

एक स्कूली संगठन की छात्रा ने खराब सड़कों पर आपत्ति दर्ज कराई

एक स्कूली छात्र संगठन की छात्रा ने एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में सड़कों को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि क्षेत्र में एसईसीएल के अधिकारी सड़कों को लेकर गंभीर नहीं है जिससे आए दिन लोगों की जाने जा रही है खराब सड़कों के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानियों का सामना उठाना पड़ता है और डर के माहौल में वह स्कूल जाने पर मजबूर हैं इसके साथ-साथ खराब सड़कों से निकलने वाले धूल के गुब्बार से स्कूल जाने वाले बच्चों पर गंभीर दुष्प्रभाव पढ़ रहा है एसईसीएल बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर नहीं है हमने कई बार एसईसीएल सहित आला अधिकारियों से शिकायत इस विषय में की है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होती है अगर आज एसईसीएल व जिला प्रशासन के अधिकारी हमारी बातें नहीं सुनेंगे तो हम किससे अपनी बातें रखेंगे।

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी ने कहा

इसके साथ ही राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने इस पर्यावरणीय स्वीकृति स्थगन की मांग करते हुए एसईसीएल प्रभावित क्षेत्रों में फोग मशीन पर सवाल खड़ा किए हैं और कोई तीन फोग मशीन कितने घंटे चली है इसकी जानकारी बता दे तो मैं उनकी जनसुनवाई में मदद करूंगा इसके साथ-साथ उन्होंने एसईसीएल द्वारा बनवाई गई सड़कों को लेकर जमकर घेरा कहा की कितनी नई सड़कें बनवाई हैं जानकारी दें दीपिका के बीच से लोगों के आने जाने के लिए जो मार्ग बनाया गया था उसमें भारी वाहनों को चलाया जा रहा है एक भी अधिकारी उस मार्ग पर पैदल चलकर दिखाएं नगर पालिक परिषद दीपका की 1 लाख जनता प्रदूषण की मार झेल रही है। वही इतनी बड़ी जनसुनवाई में स्थानीय विधायक, सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधि नदारद रहे जिन्हें वास्तव में इन विस्थापितों ग्रामीणों की अगुवाई कर कर उन्हें न्याय दिलाने आगे आना चाहिए था या यूं समझा जाए कि उनकी गैर-मौजूदगी शायद उनकी खदान विस्तार को लेकर मौन स्वीकृति है।

एक नजर

छात्रावास-आश्रमों में चिकित्सकीय परीक्षण हेतु निजी चिकित्सकों से 15 जून तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जशपुर द्वारा जिले में संचालित छात्रावास-आश्रमों वर्ष 2023-24 हेतु प्रवेशित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ तन स्वस्थ मन योजनान्तर्गत जिले के एमबीबीएस, बीएएमएस एवं बीएचएमएस डिग्रीधारी प्रेक्टिशनरो चिकित्सकों से चिकित्सकीय परीक्षण 15 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। चिकित्सक एक या एक से अधिक संस्थाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार निजी प्रेक्टिशन चिकित्सकों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति के निर्णय द्वारा पात्रता के आधार पर किया जाएगा। निजी चिकित्सक द्वारा माह में दो बार छात्रावास-आश्रमों में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इच्छुक निजी चिकित्सक अपने लेटर पेड में आवेदन पत्र के साथ शासकीय या मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज से उत्तीर्ण चिकित्सक डिग्री, चिकित्सकीय कार्य का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र, कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची, निवास प्रमाण-पत्र, रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट साईज फोटो, स्थायी व अस्थायी मोबाइल नंबरए वर्तमान पता तथा भारतीय स्टेट बैंक के खाता के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जशपुर में निर्धारित तिथि तक आवेदन पंजीकृत डाक से भेज सकते है। आवेदन पत्र सीधे कार्यालय में नहीं लिया जाएगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किया जावेगा। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्तए आदिवासी विकास कार्यालय जशपुर में संपर्क कर सकते है।

द्वितीय संक्षिप्त विशेष पुनरीक्षण अर्हता तिथि के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल की अध्यक्षता में विगत दिवस 6 जून 2023 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 एवं ईव्हीएम मशीनों के प्रथम स्तरीय जांच के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम घर.घर सर्वे का कार्य बीएलओ द्वारा 25 मई से 23 जून 2023 तक किया जाएगा तथा 2 से 31 अगस्त 2023 तक दावा-आपत्ति निर्धारित की गई है। 4 अक्टूबर 2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जावेगा। बैठक में सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुडवाने हेतु फॉर्म 6, मृत मतदाताओं का नाम हटाने हेतु फार्म 7, मतदाताओं का नाम में त्रुटि है तथा एक स्थान से दूसरे स्थान में स्थानांतरण हेतु एवं डुप्लीकेट ईपिक कार्ड के लिए फॉर्म 8 भरने हेतु अपील की गई है तथा नये मतदान केन्द्रों एवं मतदान केन्द्रों में बीएलए नियुक्ति कर सूची उपलब्ध कराने हेतु अपील की गई। 10 जून से 27 अक्टूबर 2023 तक इव्हीएम मशीनों को प्रथम स्तरीय जांच हैदराबाद के इंजीनियरों द्वारा किया जावेगा। उक्त तिथि में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को उपस्थित रहने हेतु अपील की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत कुशवाहा उप जिला निर्वाचन अधिकारी, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी सज्जू खान, अरविंद कुमार भगत, सहस्त्रांशु पाठक एवं रामचन्द्र बैरागी उपस्थित थे।

मामूली बात पर युवक को पीटा

रायपुर । नंदन वन रोड में नशा करने से मना करने पर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोतीलाल साहू 26 वर्ष ग्राम जरवाय का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी ईश्वर चंदेल व जीतेन्द्र चंदेल नंदनवन रोड में नशा कर रहे थे, जिसे मना करने पर आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़े

रायपुर । बीएसयूपी कालोनी कोटा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी विकाश सोना 28 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अभिदीप, बाबी, शेखर व पूनम तांडी पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी राज नायक 19 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी निक्कु सोना व दो अन्य ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। दोनों पक्षों की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

खिलाड़ियों को कलेक्टर ने दी बधाई

9 से 12 जून तक भुवनेश्वर में भाग लेने जिले के खिलाड़ी हुए रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

भारत सरकार संस्कृत मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइन्स भुवनेश्वर के सहयोग से अनुसूचित जनजातीय खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 10 खेल प्रतियोगिता तथा 18 जनजातीय डेमोस्ट्रेशन गेम्स का आयोजन 9 से 12 जून 2023 को भुवनेश्वर में किया जा रहा है। राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 25 मई 2023 को बहतराई स्टेडियम बिलासपुर में किया गया, जिसमें तीरंदाजी, फुटबॉल एथलेटिक्स, हॉकी, खो-खो, रग्बी स्वीमिंग, वॉलीबाल व योगासन खेल सम्मिलित थे। चयन ट्रायल में जिले के 7 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर हेतु किया गया है।

फुटबॉल बालक वर्ग में रोहित कुमार सिंह व विकास सिंह, व्हॉलीबाल बालक वर्ग में महेन्द्र प्रताप सिंह, धनेश्वर सिंह, बालिका वर्ग में प्रियंका सिंह, शीतल सिंह पूजा पैकरा का चयन हुआ है तथा खिलाड़ियों के साथ ऑफिसियल्स के रूप में जाने हेतु दिनेश साहू प्रधानपाठक, शाप्रा शाला बारनवापारा को नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर सभी चयनित खिलाड़ियों को कलेक्टर संजय अग्रवाल ने संयुक्त कार्यालय में बॉलीबाल व फुटबॉल प्रदान कर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित करते हुये अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सूरजपुर एसडीएम रवि सिंह, रामानुजनगर एसडीएम नन्दजी पाण्डेय, प्रतापपुर एसडीएम दीपिका नेताम, भैयाथान एसडीएम सागर सिंह, डिप्टी कलेक्टर प्रियंका गुप्ता, आकांक्षा त्रिपाठी, सूरजपुर तहसीलदार सुश्री वर्षा बंसल, प्रतापपुर तहसीलदार प्रतीक जायसवाल, खेल अधिकारी आरती पाण्डेय, जिला क्रीडा सहायक शरदेन्द् कुमार शुक्ल, एसईसीएल कर्मचारी व जिला वॉलीबॉल सचिव राजनाथ गुप्ताए विवेक पैकरा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत नवापारा कला में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब निर्माण किया जा रहा किसानों का होगा फायदा

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

सूरजपुर विकासखण्ड प्रेमनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा कला शिप्रा तलाब में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब का निर्माण और जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य यह है कि बरसात के पानी को संचय किया जा सके और गांवों में रहने वाले लोगों को खेती के लिए पर्याप्त पानी मिल सके ताकि वे समृद्ध हो सकें इस तालाब के निर्माण होने से ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा साथ ही 3 हजार तीन सौ 91 मानव दिवस का रोजगार भी उन्हें मिलेगा जिसकी लागत 8 लाख 22 हजार 661 रुपए है।

अमृत सरोवर योजना से किसानो को होगा फायदा

शुरुवात आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किया गया था अमृत सरोवरों के इस काम को प्रमुखता के साथ पूरा कराने के लिए जनपद पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी लगे हुए हैं। वहीं गर्मी के दिनों में यहां के अधिकांश तालाब सुख जाते है अब अमृत सरोवर योजना से नवापारा कला में बन रहे तालाब के निर्माण और जीर्णोद्धार कराने से इस समस्या का निदान संभव हो सकेगा। जनपद के अधिकारियों का कहना है कि 10 जून तक यह तालाब बन कर तैयार हो जायेगा। इस तालाब के बन जाने से लगभग 10 हजार घन मीटर पानी स्टोरेज किया जा को होगा फायदा तालाब निर्माण समृद्ध होंगे।

इस तालाब में इनलेट का प्रावधान है। जिसमें सिल्ट्रेप बनाया जिससे पानी आते समय सिल्ट तालाब के अंदर नहीं जाएगा तालाब के आस पास के लगभग 7 से 12 हेक्टेयर की भूमि को सिंचित किया जा सकेगा। गर्मी के समय में भूजल स्तर को बनाए रखने में काफी मदद मिलेगी, किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा, पशु पक्षियों को पानी की समस्या नहीं होगी, मछली पालन में स्वयं सहायता की महिलाओं अमृत सरोवर से किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

जिला चिकित्सालय में गर्भाशय मुख कैंसर का ईलाज प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह, वरिष्ठ विशेषज्ञ सह अस्पताल अधीक्षक डॉ केएल ध्रुव एवं जिला नोडल अधिकारी एनसीडी डॉ दीपक जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा जिला चिकित्सालय में गर्भाशय मुख कैंसर के संभावित लक्षण वाले जैसे सफेद पानी आना, कमर में दर्द होना, मासिक धर्म का बार-बार आना, पेट के निचले हिस्से में दर्द होना, 45 वर्ष से अधिक होने के बाद भी रक्तस्त्राव होने जैसे समस्त मरीजों का व्हीआईए, व्हीआईएलआई जॉच की जा रही है जो कि गर्भाशय मुख के कैंसर के प्रारंभिक अवस्था का पता लगाया जाता है। इसी तारतम्य में जिले के समस्त संस्थानों में माह मई 2023 में 482 मरीजों का व्हीआईए, व्हीआईएलआइ जॉच की गई थी। जिसमें से 8 धनात्मक पाए गए जिसमें 3 मरीजों का आज जिला चिकित्सालय में थर्मल एब्लेशन मशीन के माध्यम से ईलाज किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह वरिष्ठ विशेषज्ञ सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ केएल ध्रुव, डॉ गरिमा सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ दीपक जायसवाल एवं सुश्री वर्षा एक्का उपस्थित थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त लोगों से अपील किया है कि गर्भाशय मुख कैंसर के संभावित मरीज अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर निःशुल्क जॉच करा सकते हैं।

संभावित मरीज अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर निःशुल्क करा सकते है जॉच

रात्रि में 10 बजे से सुबह 6 बजे के मध्य ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबंधित

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा आदेश क्रमांक एफ 37.02 तीन एक 3 पंचा निर्वाण् समय अनुसूची 2023, 868, 29 मई 2023 के माध्यम से जिला सूरजपुर अंतर्गत सरपंच के 1 रिक्त पद एवं पंच के 40 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए भी उप निर्वाचन की समय अनुसूची कार्यक्रम जारी किया गया है। घोषित चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होने तक कानून व्यवस्था एवं चुनाव संबंधी आचार संहिता का पालन समुचित तरीके से किये जाने बावत् छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 5 एवं ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण तथा नियमन नियम 2000 के प्रावधानों के अनुसार निम्नांकित शर्तों के अधीन जिला सूरजपुर के त्रिस्तरीय पंचायतों के ऐसे क्षेत्रों में जहाँ निर्वाचन सम्पन्न होना है, जिला सूरजपुर के विकासखण्ड सूरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उंचडीह, रूनियाडीह, पेण्डरखी, पार्वतीपुर, कमलपुर, रविन्द्रनगर विकासखण्ड भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत केनापारा, विकासखण्ड रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत देवनगर, लेडुवा, मदनेश्वरपुर, कल्याणपुर, रामानुजनगर, त्रिपुरेश्वरपुर विकासखण्ड प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत ब्रम्हपुर विकासखण्ड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गोन्दा, विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहरसोप, टोटको कछिया, मयूरधक्की, अवंतिकापुर, पासल, पेण्डारी, पकनी में ध्वनि विस्तारक यंत्र लाउडस्पीकर व डीजे का चलाया या चलवाया जाना प्रतिबंधित किया जाता है। आज दिनांक से चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक की अवधि के लिए जिला सूरजपुर के उपरोक्तानुसार त्रिस्तरीय पंचायतों के ऐसे क्षेत्रों में जहां निर्वाचन सम्पन्न होना है कि सीमाओं को कोलाहल नियंत्रण क्षेत्र घोषित किया जाता है। कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्तिए सक्षम अधिकारी से 48 घंटे पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना तथा पुलिस को पूर्व सूचना दिये बिना किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग किसी भी आम सभाए जुलूस, जलसा या चलित वाहन में या अन्य तरीके से नहीं करेगा। उपर्युक्त प्रयोजन के लिये जिले में पदस्थ संबंधित रिटर्निंग, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को स्वीकृति लिये जाने हेतु सक्षम अधिकारी घोषित किया जाता है।

निर्वाचन प्रयोजनों के लिए आम सभाओं के दौरान अथवा किसी भी अन्य स्थितियों के लिए स्थिर दशा में अथवा किसी भी प्रकार के वाहनों में लगाये गये लाउड स्पीकर या सार्वजनिक अभिभाषण प्रणाली या किसी भी अन्य प्रकार के ध्वनि प्रवर्धक का प्रयोग उक्त ग्राम पंचायत क्षेत्रों में रात्रि में 10 बजे से प्रात: 6 बजे के मध्य नहीं किया जा सकेगा। साथ ही मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि में किसी भी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। वाहन से प्रचार करते समय अनुमति के साथ वाहन का पंजीयन रखना अनिवार्य होगा तथा बिना अनुमति लाउड स्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग या अनुमति में निर्दिष्ट अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् स्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करते पाए जाने की दशा में ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं वाहन जब्त कर लिया जावेगा तथा दोषी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

शैक्षणिक संस्थाओं, चिकित्सालय, नर्सिंग होमए न्यायालय परिसर, शासकीय कार्यालय, छात्रावास जनपद पंचायत एवं किसी अन्य स्थानीय निकाय कार्यालयए वृद्धाश्रम, पोस्ट ऑफिस आदि से 200 मीटर की दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सामान्य स्थिति में भी पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाता है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों, राजनैतिक दलों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम तथा छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 तथा अन्य सुसंगत विधि अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् यह आदेश स्वयमेव निरस्त माना जावेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

जनपद अध्यक्ष विनय शंकर के साथ हुई धोखाधड़ी, पेट्रोल पंप कर्मचारी ने लगाया चूना

राजनीतिक छवि धूमिल करने की कोशिश, पुलिस अधीक्षक से शिकायत कार्यवाही की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

जनपद अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ और पेशे से दंत चिकित्सक डॉ विनय शंकर सिंह ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस अधीक्षक थाना मनेन्द्रगढ़ और थाना केल्हारी को देकर अपने पूर्व कर्मचारी पर कार्यवाही करने की मांग की है। उनका कहना है कि उनका पूर्व कर्मचारी उन्हें बदनाम करने के लिए नित नई साजिशें रच रहा है। इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर डॉ विनय शंकर सिंह ने बताया की उन्होंने केल्हारी में स्थित अपने पेट्रोल पंप में विजय दिवान को मैनेजर के पद पर रखा था लेकिन उसके द्वारा पंप के काम में लापरवाही करना और पंप के सेल से प्राप्त राशि एवं उधारी से प्राप्त राशि के गबन करने के आरोप में मार्च 2023 को पंप से निकाल दिया था। पंप में विजय दीवान के साथ उसका भांजा दीपक दीवान भी सेल्समेन का काम किया करता था। इन दोनो ने मिलीभगत करके पंप के रीडिंग में हेराफेरी करके पैसों का गबन किया है। मैनेजर विजय दीवान को मेरे द्वारा एक पुरानी इंडिका विस्टा कार क्रमांक एमपी 65 सी 2405 को मनेंद्रगढ़ निवासी विजय मिश्रा से 19 जून 2019 को खरीदकर पंप के काम सहयोग करने के लिए दिया हुआ था। मैं अपनी व्यस्तता के कारण नाम ट्रांसफर नहीं करा पाया था जिसे मैं अब करवाना चाह रहा

था जिसके लिये मैं जब विजय मिश्रा से संपर्क किया तब उनके द्वारा बताया गया की विजय दीवान 25 मई 2023 को विजय मिश्रा के पास आकर उनको धोखे में रखकर बताया कि कार को वह विनय शंकर सिंह से खरीद लिया है। अब आप डायरेक्ट मेरे नाम से ट्रांसफर कर दीजिये और विजय मिश्रा से एक फर्जी बिक्रीनामा में दस्तखत करा लिया गया। जब इस बात की जानकारी विजय मिश्रा को हुई तो उनके द्वारा मनेंद्रगढ़ थाने में लिखित शिकायत 26 मई 2023 को दर्ज कराया गया की कार को विजय दीवान से वापस दिलाया जाये जिससे मैं कार को विनय शंकर सिंह के नाम से ट्रांसफर कर सकूं और विजय दीवान के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया जाये। इसकी लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक एमसीबी के समक्ष भी किया गया है। इस संबंध में डॉक्टर विनय शंकर सिंह ने यह भी बताया की उनके द्वारा भी लिखित शिकायत 27 मई 2023 को केल्हारी थाना एवं पुलिस अधीक्षक एमसीबी के पास किया गया है। अपने साथ हुई घटना के बारे में डॉक्टर विनय शंकर सिंह कहा की वह वर्तमान में मनेंद्रगढ़ के जनपद अध्यक्ष हैं और चिकित्सक भी हैं । उनके द्वारा पंप मैनेजर और कर्मचारी को राशि गबन करते पाए जाने पर काम से निकाल दिए जाने के कारण वह पुलिस को गुमराह करते हुए झूठी शिकायत दर्ज करवा कर उसको शोसल मीडिया में डालकर डॉक्टर विनय की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी मनेंद्रगढ़ द्वारा प्रकरण के संबंध में बताया गया है की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। विजय दीवान को बयान के लिये बुलाया गया है। इसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जायेगी। गाड़ी के पूर्व मालिक विजय मिश्रा से जब इस संबंध में जानकारी ली गई तो उनके द्वारा बताया गया की मेरे द्वारा कार को डॉक्टर विनय शंकर सिंह को 19 जून 2019 को बेच दिया गया है एवं मैं अब उनके नाम से कार को ट्रांसफर करना चाहता हूं जिसके लिए मुझे मेरी कार की आवश्यकता है। पेट्रोल पम्प के मैनेजर विजय दीवान द्वारा कार को फर्जी तरीके से अपने नाम से करने का षडयंत्र एवं जनपद अध्यक्ष डॉक्टर विनय शंकर को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। मेरे द्वारा भी पुलिस को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की गई है।

एक नजर

पंडरापाठ के पुरुष पर्यवेक्षक एवं ग्रामीण चिकित्सा सहायक निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरापाठ के पुरुष पर्यवेक्षक केपी प्रजापति एवं ग्रामीण चिकित्सा सहायक केके वर्मा को निलंबित किया है। उन्होंने पुरुष पर्यवेक्षक प्रजापति को अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होने एवं ग्रामीण चिकित्सा सहायक वर्मा द्वारा उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर कार्यालय से अनुपस्थित पाये जाने पर निलंबन की कार्यवाही गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार 6 जून 2023 को एसडीएम बगीचा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरापाठ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में पदस्थ कर्मचारी केपी प्रजापति पुरुष पर्यवेक्षक 28 मई 2023 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति पाए गए। पूर्व में भी खंड चिकित्सा अधिकारी बगीचा द्वारा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होने पर प्रजापति को चेतावनी पत्र जारी किया जाकर सेवा अभिलेख में इंद्राज की जा चुकी है। इसी प्रकार ग्रामीण चिकित्सा सहायक केके वर्मा भी निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। उन्हें भी पूर्व में खंड चिकित्सा अधिकारी बगीचा के द्वारा चेतावनी पत्र जारी किया गया है। सीएमएचओ ने प्रजापति एवं वर्मा के उक्त कृत्यों छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत बताते हुए संबंधितों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 के तहत् निलंबित किया किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कासाबेल निर्धारित किय गया है। तथा निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

सुनीता ने किया जिले का नाम रोशन

छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग में हासिल किया प्रथम स्थान

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल भरतपुर में 12 वी कक्षा की छात्रा कु सुनीता बैगा ने 12 वीं की प्रवीण्य सूची में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग में प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। देवगढ़ निवासी सुनीता को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार 1,50000 रुपये की नकद राशि एवं हेलीकॉप्टर से जॉय राइडिंग करने का मौका मिलेगा। उन्हें 10 जून को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों रायपुर में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

पीपल पेड़ पर चढ़े युवक हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

रतनपुर थाना क्षेत्र ग्राम कलमीटर निवासी अशोक कुमार कौशिक पिता मंसा राम उम्र 45 वर्ष की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक के घर के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरा है। आज सुबह मृतक कुछ कार्य से अपने घर के पीछे पीपल के पेड़ चढ़ा हुआ था। पीपल के पेड़ का एक हिस्सा हाइटेंशन तार के संपर्क में आ गया जिससे पेड़ में करेंट दौड़ने लगा। जिससे पेड़ पर चढ़े युवक भी करेंट की चपेट में आ गया। करेंट लगने से घायल युवक को परिजन रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये जहां डॉ. ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना रतनपुर थाना को दी गई सूचना पाकर रतनपुर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

जनचौपाल में सुनी गई आमजनों की शिकायतें

अधिकारियों को प्राप्त प्रकरणों को त्वरित निराकरण करने के दिए गए निर्देश

कोरबा । कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देशन में अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनचौपाल में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। आवेदकों ने एक-एक कर अपर कलेक्टर श्री साहू के समक्ष अपनी शिकायतें प्रस्तुत कर निराकरण की मांग की। जनचौपाल में आज कुल 149 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें विभिन्न आवेदकों द्वारा रोजगार प्रदाय, स्वास्थ्य इलाज हेतु सहायता, अपराधिक प्रकरण की जांच, आर्थिक सहायता, मुआवजा दिलाने, मजदूरी भुगतान, लंबित राशि का भुगतान, वन अधिकार पट्टा दिलाने, बिजली कनेक्शन, सड़क पर ब्रेकर बनाने, नामांतरण, नक्शा दुरूस्तीकरण, भूमि सीमांकन, राशनकार्ड जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित की मण्डल कार्यसमिति बैठक बरियों में हुई सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश के दिशा निर्देश अनुसार भारतीय जनता पार्टी के रीती नीति से मण्डल प्रवास के दौरान बरिओ मण्डल में भारतीय जनता अनुसूचित जाति मोर्चा की मण्डल कार्यसमीति बैठक हुई जिसमें बैठक लेने मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष कृष्णा रवि महामंत्री, दीपक सोनवानी रहे बैठक में बरिओ मण्डल अध्यक्ष विशंभर सोनवानी उपाध्यक्ष संजय नायक, ननकु राम, रामकुमार नायक, पनकु राम नायक, बाबुलाल नायक, अमिरसाय नायक, शिव भजन नायक, जगेश्वर नायक, देवंती नायक, सुमेती नायक बिराजो, झूलो बाई, बबिता बाई, सुखमनिया एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भारतीय महिला क्रिकेट खिलाडी पूनम राउत रायगढ़ में

आरसीटी महिला क्रिकेट लीग में होंगी शामिल

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।

ज़िला में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए आरसीटी आयोजन समिति द्वारा राष्ट्रीय स्तर की महिला क्रिकेट लीग रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। इसमें शामिल होने और अतिथि के रूप में फाइनल में हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम की सदस्य रही पूनम राउत रायगढ़ पहुंच गई है। समिति के प्रमुख सदस्य रामचंद्र शर्मा, विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा ने बताया कि खेल को प्रोत्साहन देने के लिए और महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए पूनम राउत का आगमन हो रहा है। इसके लिए पूरे क्रिकेट खिलाडियों को बेसब्री से इंतज़ार था। ज्ञात हो कि 5 जून से 8 जून तक आरसीटी महिला क्रिकेट लीग रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित की जा रही है जिसका फाइनल मैच 8 जून को खेला जाएगा, समापन समारोह सुबह 10.30 बजे आयोजित होगा। इसमें गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक और महापौर जानकी काटजू भी शामिल होंगे। आयोजन समिति ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में खेल प्रेमियों को रायगढ़ स्टेडियम में फाइनल मुकाबले में आमंत्रित किया है।

प्लास्टिक प्रदूषण समस्या एवं निदान विषय पर कार्यक्रम आयोजित

रंगोली, चित्रकला एवं लघु निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने दी जन-जागरूकता का संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण समस्या एवं निदान विषय पर जन-जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके तहत रंगोली, चित्रकला, लघु निबंध प्रतियोगिता शास.किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में आयोजित हुआ। जिसमें सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी सम्मिलित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ़ द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। साथ ही प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण पत्र एवं फलदार पौधा वितरित किया गया। शास.किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ की प्राचार्य प्रितिबाला बैस ने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम करने के संबंध में अपने विचार रखे। विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय के वैज्ञानिक एस.के.धुर्वे, सहायक अभियंता प्रतिभा टोप्पो, कनिष्ठ वैज्ञानिक हिमश्वेता खाखा और सतीश पटेल तथा प्रो.अनिता पाण्डेय ने पर्यावरण संरक्षण के संबंध में अपने विचार रखें। महाविद्यालय व क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

जिला अस्पताल में पीआईएल के सहयोग से बनेगा उद्यान

जांजगीर चांपा । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल जांजगीर में सीएमएच डॉ. स्वाति सिंह सिसोदिया ने पौधरोपण किया। पीआईएल द्वारा जिला अस्पताल में लगभग 10 लाख की लागत से उद्यान बनाया जाएगा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस प्रस्तावित गार्डन में करीब 100 पौधों का रोपड़ किया गया। पीआईएल के इस गार्डन में जहां बच्चों के लिए

विभिन्न तरह के झूले और फिसलपट्टी लगाए जाएंगे। वहीं आकर्षक पेड़ पौधों से उद्यान हरा भरा रहेगा। लोगों के बैठने के लिए आकर्षक डिजाइन की कुर्सियां लगाई जाएंगी। उक्त राठौर, डॉ. मंगलम, डॉ. पैगवार, डॉ. एम साहू, बिनय दास, राजीव पटेल, डॉ. वर्षा अग्रवाल, डॉ. यादव, टीपी प्रधान, बुधेशवर आदि पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ. अश्वनी लोकेंद्र लगर, विनय वाजपेयी, पी उपस्थित थे।

बाढ़ आपदा प्रबंधन और राहत व्यवस्था की तैयारी के संबंध में कलेक्टर सिन्हा ने ली बैठक

ठेकेदारों से कहा सड़क निर्माण कार्य में लाए तेजी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आगामी वर्षा ऋतु में जिले में संभावित बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन के संबंध में बैठक ली। उन्होंने बाढ़ आपदा प्रबंधन और राहत व्यवस्था संबंधी सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिले में संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के साथ ही अन्य स्थानों पर भी नाव, तैराक दल, आवश्यक दवाएं आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जीवनरक्षक दवा और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल स्त्रोत उपचारित करने का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि पहुंच विहीन क्षेत्रों में जहां बाढ़ की स्थिति की संभावना रहती है वहां बाढ़ से प्रभावित लोगों के ठहरने, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के ऐसे क्षेत्र जहां प्रतिवर्ष बाढ़ आती है। इन क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने की व्यवस्था की जाए एवं लोगों को आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने व उनको ठहराने के लिए कैम्प आदि की सम्पूर्ण योजना तैयार कर ली जाए। कलेक्टर सिन्हा ने नगर सेना को उपलब्ध बोट की जांच करने को कहा। उन्होंने बाढ़ बचाव के संबंध में मॉकड्रिल करने करने के निर्देश दिए। जिससे आपदा के समय में सभी बचाव कार्यों को निर्बाध रूप से किया जा सके।

सड़क निर्माण कार्यो में तेजी लाने के दिए निर्देश

कलेक्टर सिन्हा सड़क निर्माण की समीक्षा की। उन्होंने धरमजयगढ़-पत्थलगांव के सड़क निर्माण की जानकारी लेते हुए

कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने मशीनों की संख्या बढ़ा कर कार्य में अतिशीघ्र तेजी लाने के निर्देश दिए। हाटी धरमजयगढ़ के समीक्षा के दौरान ठेकेदार ने बताया कि बायसी में कार्य चल रहे है। कलेक्टर सिन्हा ने ठेकेदारों को कहा कि आगामी बारिश के मद्देनजर जिन स्थानों में सड़क अत्यधिक खराब है, उन स्थानों में प्राथमिकता से कार्य करते हुए निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने रायगढ़ घरघोड़ा, बंजारी, पूंजीपथरा, हाटी धरमजयगढ़ जैसे विभिन्न मार्गों की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

नूपुर राशि पन्ना के होने से स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहा बेहतर कार्य- विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने ग्राम पंचायत नंदौरकला में 45 लाख रुपए से अधिक लागत के विभिन्न 6 बिस्तर वार्ड स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा निर्मित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशनए वित्तीय वर्ष 2022-23 अंतर्गत ग्राम नंदौरकला में 9.17 लाख रुपए की लागत के 6 विस्तर वार्ड का लोकार्पण किया, इसी प्रकार उन्होंने ग्राम लवसरा, डेरागढ़, बस्ती बाराद्वार और सिंघनसरा में क्रमशः 9.17 लाख रुपए की लागत के 6 विस्तर वार्ड का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि नवगठित जिला सक्ती बनने के बाद जिले में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के होने से स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहे हैं। जिसका लाभ जिलेवासियों को मिल रहा है। इसी क्रम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को जीवन में अपने स्वास्थ्य को प्रथम प्राथमिकता देनी चाहिए और कलेक्टर द्वारा जिले में गर्भवती माताओं के डिलीवरी सहित स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया जाने वाला कार्य अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्ती जिला बेहतर कार्य कर रहा हैए यदि माता और जन्म लेने वाला बच्चा दोनों अगर स्वस्थ होंगे तो हमारा समाज भी स्वस्थ और सुंदर होगा। उन्होंने सभी महिलाओं को अपने घर परिवार सहित अपने स्वयं के खानपान और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया क्योंकि स्वस्थ महिला से ही स्वस्थ परिवार का निर्माण होता है। इसी क्रम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सक्ती जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन चौपाल आयोजित कर लोगों को स्वास्थ्य के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले इस क्षेत्र में प्रसव के लिए आमजन को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि जिले में सर्व शक्ति अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ द्वारा प्रसव सुविधा सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। लोगों को शासकीय अस्पतालों में प्रसव सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही अब 6 बिस्तर वार्ड के निर्माण होने से स्वास्थ्य सुविधाओं में और वृद्धि होगी। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य विकास कार्यों के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष ने ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण शिविर का किया अवलोकन

ग्राम नंदौरकला में 6 विस्तर वार्ड के लोकार्पण अवसर पर जिला प्रशासन और यूनिसेफ द्वारा आयोजित ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण शिविर का भी आयोजन किया गया था। जिसका अवलोकन विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर ने किया। इस शिविर में मातृत्व स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, कुपोषण, टीकाकरण, एनीमिया और सिकलिंग का जांच किया गया। इस शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कल्पना राठौर, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर समीर अग्रवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय अग्रवाल शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश बंजारे ने चिकित्सकीय जांच व परामर्श दिया।

जंगलों की लकड़ियों से धधक रहे अवैध ईंट भट्ठे

वन विभाग की साठगांठ फिर से बढ़ी, राजस्व अमला नहीं लगा पा रही अंकुश

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

क्षेत्र में इन दिनों अवैध ईट भट्ठों का संचालन जोर-शोर चल रहा है। संचालकों द्वारा न तो खनिज नीति का पालन किया जा रहा है और न ही स्थानीय निवासियों की स्वास्थ्य की कोई चिंता। बाहर से मजदूर बुलाकर गुणवत्ताहीन ईंट से मोटी रकम कमा रहे हैं।

नदी किनारे आसपास के इलाकों में बड़ी मात्र में छोटे-बड़े ईंटों का भट्ठा लगाया गया है। क्षेत्र में निजी निर्माण के अलावा शासकीय कार्यों के लिए इसका उपयोग हो रहा है, जिसके लिए खनिज विभाग से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई है न ही रहती है। नियमानुसार 25 हजार तक ईंट बनाने के लिए तहसीलदार व 50 हजार या इससे अधिक ईंट निर्माण के लिए खनिज विभाग के अनुमति लेना होता है, लेकिन आसपास ग्रामीण अंचलों कई ईट भट्ठे लगाए जा चुके हैं और लगाए भी जा रहे हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन इन अवैध भट्ठों पर अंकुश लगाने में सफल नहीं हो पा रहा है और न ही किसी प्रकार की कोई कार्यवाही कर रहे हैं। पूर्व में भी कुसमी, कंजिया, गजाधरपुर में इस तरह के अवैध ईंट भट्टे लगाया गया था और लग भी रही है, जिसकी जानकारी अनुविभागीय कुसमी को सूचना की थी फिर भी उस पर अंकुश नहीं लगी है। आज भी इस तरह के अवैध संचालित भट्ठा लगा हुआ है, जिस पर तत्कलीन अंकुश विभाग के लोगों को लगाने की जरूरत है। ग्राम त्रिपुरी के परसा जंगल के बीच नदी किनारे ईंट की भट्टी दहक रही है। इसी तरह आसपास के गांवों सभी पंचायतों में नदी किनारे अवैध ईट भट्ठों का खेल चल रहा है। अवैध रूप से संचालकों द्वारा यहां धड़ल्ले से ईंट भट्ठों का कारोबार बड़े पैमाने पर चला रहे हैं। बिना किसी पैमाने के यह कारोबार ग्रामीणों के आड़ में ठेकेदार चलाते हैं, उनकी देखा देखी स्थानीय निवासी भी नियमों की अनदेखी करी निर्माण कराया जा रहा है। यह सिलसिला हर वर्ष देखने को मिलता है। वहीं विभागीय की ओर से कसावट नहीं होने के कारण ईट भट्ठों का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

गांव में फैल रही जहरीली हवा

मूलत: इस ईंट को पकाने के लिए उच्च स्तरीय कोयले का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन राशि बचाने के चक्कर में यह अवैध निर्माता ईट को सोयाबीन की अवशेष व लकड़ी से पकाते हैं। इस वजह से इससे उठने वाला धुआं पर्यावरण सहित लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालता है। इस तरह से कई भट्ठे आबादी क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य बूरा असर पड़ रहा है।

बिना एनओसी संचालित

क्षेत्र में संचालित ईंट भट्ठा संचालकों ने खनिज विभाग से एनओसी नहीं लिया है। साथ ही पर्यावरण विभाग से भी अनुमति नहीं ली गई है। बावजूद इसके जांच या कार्यवाही नहीं होने से संचालकों की मनमानी बढ़ती जा रही है। इधर भट्ठा संचालक अवैध विद्युत कनेक्शन भी ले रखे हैं। इस तरह अवैध भट्ठा संचालन से सरकार को रायल्टी का नुकसान पहुंचा रहे हैं।

एक नजर

अनियंत्रित हाइवा ने चार मालवाहक व एक कार को मारी टक्कर, गाड़ियों से दबे कई लोग

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ के बलौदाजारजिले के भाटापारा बस स्टैंड में एक सड़क हादसा हो गया है। जानकारी के अनुसार एक हाइवा अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित हाइवा ने चार मालवाहक एवं एक कार को अपनी चपेट में लिया है। कई लोगों को गम्भीर चोट आई है। वहीं कुछ दबे हुए लोगों को निकालने का प्रयास जारी है। बता दें हादसा होते देख आसपास के लोगों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई है। वहीं सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। भाटापारा सिटी पुलिस मौके पर मौजूद है और घायलों को निकालने में जुटी हुई है।

चंगाई सभा की आड़ में मतांतरण को लेकर हुआ जम कर हँगामा

जशपुर। चंगाई सभा के आड़ मे हिन्दुओ को ईसाई बनाने का आरोप लगाते हुए, हिन्दू संगठन और भारतीय जनता पार्टी के नेताओ ने जम कर बवाल काटा। सुचना पर मौक़े पर पहुंची पुलिस की टीम ने पांच आरोपितो को गिरफ्तार किया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बालाछापर की है जानकारी के अनुसार शहर के समीपस्थ ग्राम बाला छापर के स्कुलडीपा बस्ती मे हीरामुनी बाई के घर मे चंगाई सभा का आयोजन कर, हिन्दुओ को ईसाई धर्म मे मतांतरित कराने की सूचना मिलने पर जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, गंगा राम भगत, अरविन्द भगत, दुर्गादेवी, हिन्दू वाहिनी और बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंच गए। सबने मिल कर, चंगाई सभा स्थल को घर लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत ने बताया की जिस समय वे बाला छापर पहुँचे, हीरामुनी बाई के घर मे 50 से 60 लोग जमा थे। एक टेबल मे ईसाई धर्म के देवी देवताओ के चित्र के साथ पूजा समान रखा हुआ था। वहाँ पर जमा कुछ लोग, प्रार्थना और अभिमंत्रित जल से बिमारी का इलाज करने का झांसा, स्थानीय लोगो को दे रहे थे।

8 सूत्रीय मांगो को लेकर पटवारी संघ द्वारा प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान किया गया!

दुर्ग। 8 सूत्रीय मांग को लेकर पटवारी संघ ने अनिश्चित कालीन हड़ताल का आयोजन किया दरअसल, छत्तीसगढ़ के राजस्व पटवारी संघ अपनी 8 सूत्रीय मांग को लेकर 15 मई यानी पिछले 23 दिनों से प्रदेश स्तरीय हड़ताल पर है। राजस्व पटवारी संघ की बेमियादी हड़ताल की वजह से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र सहित पटवारियों से जुड़े सभी काम पूरी तरह से प्रभावित चल रहे हैं। पटवारियों का कहना है कि वर्तमान में सारे काम ऑनलाइन हो रहे हैं इसलिए उन्हें भी वो सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं जो होनी चाहिए साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि 23 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठने के बाद भी अब तक कोई भी जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी पटवारियों का हाल-चाल जानने नहीं आया उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती वह इसी तरह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहेंगे।

मॉल के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर । मेग्रेटो मॉल के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोकुल नगर संतोषीनगर निवासी प्रार्थी जलाउद्दीन खान 33 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केएस 2646 को को मेग्रेटो माल के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी किए गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

भाजपा का जनसंपर्क अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय चार कार्यक्रम तय

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को अब कुछ महीने ही बाकी है। जिसे लेकर सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी तरह से तैयारी में जुट गए हैं। विपक्ष में बैठी भारतीय जनता पार्टी भी विगत कुछ महीनों से कड़ी मेहनत शुरू कर दी है। प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक टीम गठन के बाद अब बैठकों का दौर शुरू हुआ है। वहीं आम जनता के बीच में जाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जून महीने में भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा एवं विधानसभा स्तरीय विशेष जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम तय किया है। जिसमें रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 11 जून को 11 बजे से धरमजयगढ़ में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। 16 जून को 1 बजे घरघोड़ा में लाभार्थी सम्मेलन रखी गई। जिसमें नितिन नवीन मुख्य वक्ता उपस्थित रहेंगे। 18 जून को 11 बजे से वरिष्ठ कार्यकर्ताओं संग भोजन एवं परिचर्चा होगी, जिसमें पूर्व विधायक विजय अग्रवाल का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। वहीं 21 जून को प्रात: 5 बजे से 7 बजे तक धरमजयगढ़ में योग दिवस मनाया जाएगा।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने पत्थलगांव के शासकीय शराब दुकान पहुंचकर चिपकाया 2 हजार करोड़ घोटाले का पोस्टर

कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर मचाया हल्ला

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

छत्तीसगढ़ में 2 हजार करोड़ के हुए कथित शराब घोटाले को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओ द्वारा प्रदेश भर में प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज बुधवार को पत्थलगांव में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान पहुंचकर घेराव किया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिसबल मौजूद रही। वहीं कार्यकर्ता शराब दुकान पहुंचकर पोस्टर लगाने में सफल रहे। एवं छग कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा वर्ष 2018 विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणापत्र में शराबबंदी का वादा किया गया था। चुनाव से पूर्व भूपेश बघेल की टीम ने कहा था कि हमारी सरकार बनेगी तो हम पूर्ण शराबबंदी करेंगे। मगर शराबबंदी तो की नहीं गई और लॉकडाउन के वक्त घर तक शराब पहुंचाने की सेवाएं शुरू कर दी गई थी। उन्होंने कहा प्रदेश में विगत दिनों पूर्व ईडी ने छापा भी मारा। जिसमे छत्तीसगढ़ में 2000 करोड़ का शराब घोटाला सामने आया। अभी जांच चल रही है आने वाले समय में देखा जा सकता है कि कई मंत्री इस घोटाले में सामने आ सकते हैं। वहीं भाजपा मंडल महामंत्री अंकित बंसल ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर युवा मोर्चा द्वारा 2 हजार करोड़ के हुए शराब घोटाले को लेकर शासकीय शराब दुकानों में जाकर आंदोलन किया जा रहा है। जिसे लेकर पत्थलगांव मंडल के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों द्वारा शराब दुकान का घेराव किया गया। जब प्रदेश में 2 हजार करोड़ का शराब घोटाला क्लियर हो चुका है तो नैतिकता के आधार पर अब आबकारी मंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। मंडल अध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में शराबबंदी का वादा किया गया था जो कि पूर्ण नहीं हुआ। शराबबंदी नहीं होने पर युवाओं का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है। इस प्रदर्शन में भारी संख्या में भाजपा के शहर एवं ग्रामीण कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष सचिव महाकुल समाज के शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़ - पत्थलगांव।

गौरतलब हो विकासखंड ईकाई पत्थलगांव महाकुल समाज पिछले कुछ दिनों से आपसी मतभेद से दो गुटों में बट गया था जिसके बाद समाज सामंजस्य दोनों गुटों में न बन पाने से अध्यक्ष सचिव पद के लिए बोटिंग के स्थिति आई जिसमें पूर्णोचंद्र बेहरा अध्यक्ष एवं सचिव चूड़ामणि यादव निर्वाचित होकर भारी मतों से विजयि हुए और कार्यसमिति का विस्तार करते हुए आज शपथ ग्रहण किया।महाकुल समाज ने भारी प्रचंड बहुमत के साथ पूर्णोचंद्र बेहरा को अध्यक्ष एवं चूड़ामणि यादव को सचिव चुना शपथ ग्रहण प्रदेश अध्यक्ष डमरुधर यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद डमरूधर यादव ने समाज को संगठित एवं मर्यादित रखने के लिए समाज बंधुओं को किया आग्रह एवं अपने कुछ सपने को साकार करने के लिए रखा प्रस्ताव नवनिर्वाचित विकासखंड अध्यक्ष पूर्णोचंद बेहरा एवं नवनिर्वाचित सचिव ने समस्त समाज बंधुओं को भारी बहुमत देकर जिताने के लिए आभार प्रकट किया एवं जनता जनार्दन के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से समाज को संगठित रखने एवं विभिन्न क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास करने के लिए संकल्प दोहराया उपस्थित समाज बंधुओं ने भगवान कृष्ण का जयकारा लगाते हुए हाथ में सहयोग प्रदान करने का समर्थन किया। पत्थलगांव विकासखंड कार्यकारिणी समिति का विस्तार अध्यक्ष पूर्णोचंद बेहरा सचिव चूड़ामणि आपट उपाध्यक्ष गोविंद राम यादव, महेश्वर यादव, खुलेश्वर यादव, पदमालोचन यादव, अनिरुद्ध यादव, सह सचिव प्रेमचंद यादव, जगदीश प्रसाद यादव, मुकेश यादव, कोषाध्यक्ष धनेश यादव, डमरूधर बारके मुख्य सलाहकार धनेश्वर बेहरा संगठन मंत्री- हरिराम बेहरा लंबोदर यादव,मीडिया प्रभारी महेश यादव,खिरोधर यादव,योति यादव,थबिरो यादव पवित्र मोहन बेहरा,रामेश्वर यादव,मुरलीधर यादव,खिरोधर यादव,लक्ष्मण यादव,लीलाधर यादव,अभिमन्यु यादव,लिंगराज यादव,हुरसि यादव,योगेश यादव,पदमालोचन यादव,तिर्थमोहन यादव, दिलेश्वर यादव, प्रवक्ता देवानंद यादव,धनवंत यादव,डमरु यादव,सूचना प्रसारण जागेश्वर यादव राजेश यादव,संरक्षक तोताराम यादव,जेपी यादव,दयाराम यादव,कन्हैया लाल, यादव, शुबो यादव, भुड़ेश्वर यादव, देवेंद्र यादव,पदमालोचन यादव,भगवानों यादव,टंकाधर यादव,पितो राम यादव,नारायण यादव,ज्योति यादव,कोरनों यादव,खेत्रमोहन यादव, शंकर यादव,नारायण यादव,परमेश्वरी यादव समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया।

घातक आयुध से वार करने वाला आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

घातक हथियार से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ग्राम छेरचुची निवासी पीड़ित धरमू यादव उम्र 60 वर्ष ने धरमजयगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें कहा है कि 2 जून 2023 को रात्रि करीब 8 बजे खाना खाकर आराम कर रहा था तब घर के बाहर नंदू यादव आया और आवाज देकर जगाया। तब जाकर दरवाजा खोला तो नंदू यादव ने धरमू यादव को बोला चलो बारूखोल चलते हैं मुझे बारूखोल से मोटर सायकल लाना है। तब धरमू ने मुझे नींद आ रहा है और मोटर सायकल चलाना भी नहीं आता कहकर जाने से इंकार कर दिया। तब नंदू यादव ने मां बहन की अश्लील गाली गुफ्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का लात से मारपीट करने लगा। धरमू यादव डर कर घर अंदर चला गया कुछ समय बाद नंदू यादव फिर से धरमू के घर के बाहर गाली गलौज करने लगा तब धरमू घर से बाहर निकालकर गाली गलौज करने से मना किया तो नन्दू यादव ने हाथ में रखे फरसा से वार किया जिससे धरमू ने दाहिने हाथ से रोका तो उसके दाहिने हाथ के पंजा में चोट लगा एवं उंगली कट गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 324, 506 सहित हमले में उंगली कटने के कारण धारा 326 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। वहीं मामले में आरोपी नंदू यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

संस्कार, संस्कृति और शिक्षा समाज को सभ्य बनाती है-बरखा

जोहार छत्तीसगढ़-रांची।

स्कूल में विविध समुदाय के बच्चे पढ़ने के कारण संस्कृति तथा सामाजिक संस्कार का विषय मुख्यधारा की पढ़ाई में सम्मिलित नहीं हो पाती है। यही कारण है कि आज बढ़ते पीढ़ी अपनी सामाजिक संस्कार, संस्कृति और परंपरा को भूलते जा रहे हैं। जबकि संस्कृति और संस्कार, मानव जीवन के प्रगति के बढ़ते हुए चरण हैं। एक सभ्य समाज के निर्माण के लिए संस्कृति और सामाजिक संस्कार की शिक्षा होना जरूरी हैं।

झारखंड के लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड के मेरले गांव के निवासी भाई संजीव भगत अपनी मार्केटिंग की नौकरी छोड़कर संजीव भगत अपने जमीन में बिना सरकार की मदद से आदिवासी सांस्कृतिक और भाषीय को लेकर श्वीर बुद्धू भगत लुरकिया इंग्लिश मीडियम स्कूल सन् 2016 से चला रहे हैं। ये स्कूल आदिवासी समुदाय की मदद से चल रहा हैं। इस स्कूल में मुख्य विषय के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति, सामाजिक संस्कार, आदिवासी गीत-संगीत, मरण प्रसंग, जन्म प्रसंग, शादी-विवाह, रीति-रिवाजों को बतलाया जाता हैं। इस स्कूल में अपनी आदिवासी भाषा कुड़ूख या अंग्रेजी में परीक्षा लिखने की अनुमति हैं। हिन्दी छठी कक्षा से पढ़ाई जाती हैं। पर अंग्रेजी और कुड़ूख आदिवासी भाषा केजी कक्षा से ही पढ़ाई जाती हैं। 2023 की मैट्रिक की परीक्षा सौ प्रतिशत रहा। यहा के स्कूल के बच्चे कुड़ूख या अंग्रेजी में बात करते हैं।

संजीव भगत का ये प्रयास सरकारी तंत्र पर एक तमाचा है। सरकारी स्कूलों में करोड़ों रूपए खर्च किए जाते है पर बच्चों की न तो अंग्रेजी में और न ही हिन्दी और न ही गणित में अच्छी पकड़ बन पाती हैं। दूसरी आदिवासी सांस्कृतिक और आदिवासी भाषीय का स्कूल झारखंड के गुमला जिले के डुमरी प्रखंड के भागीटोली के निकट कुड़ूख कत्थ खोडहा लुर ऐडप्पा लुरडिप्पा स्कूल चल रहा हैं। इस स्कूल की शुरुआत सन् 1998 में दादा एतवा उरॉव द्वारा पेड़ के नीचे शुरू किया गया था। ये स्कूल भी आदिवासी समाज के मदद से चल रहा हैं। यहा भी कुड़ूख भाषा को प्राथमिकता दी गई है। यहां की भी मैट्रिक की परीक्षा सौ प्रतिशत रहती है। लुरडिप्पा और मेरले गांव का स्कूल झारखंड और देश के लिए एक बड़ा उदाहरण है। भारतीय संस्कृति में परिवार की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। छोटा बच्चा जब पैदा होता है तो धीरे-धीरे वह परिवार से शिक्षा लेता है। परिवार में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका मॉ की होती है। मॉ ही बच्चों को संस्कारित बनाती है। बच्चा धीरे-धीरे परिवार समाज और अपने परिवेश से जैसा सीखता है वैसे ही उसका संस्कार निर्मित होता जाता है। ये दोनों स्कूल परिवार की भूमिका, माता की भूमिका और स्कूल की भूमिका ये तीनों निभा रही हैं। दादा एतवा उरॉव और भाई संजीव भगत एक महान परंपरा को जीवित रखने के लिए पदमश्री पुस्कार से अधिक पुरस्कृत है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in